# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 9 मार्च 2026

संवत 2082, चैत्र कृष्ण 6 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 173, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ दिल्ली सरकार का एक साल और बदलाव की बयार

टी20 विश्व कप जीत के बाद सूर्यकुमार बोले... 6




# धुर्वा में फंदे से लटकता मिला युवक का शव, फैली सनसनी

## कुछ महीने पहले ही हुई थी युवक की शादी

**मेट्रो रेज**

**रांची :** राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, स्मार्ट सिटी क्षेत्र स्थित एचईसी के बाइक और साइकिल शेड में युवक का शव फंदे से झूलता हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अमन के रूप में हुई हैं। बताया जा रहा है कि वह आर्मी का जवान था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही हैं। घटनास्थल से एक बाइक भी बरामद की गई हैं। इसके अलावा वहां शराब की बोतल और सिगरेट के पैकेट भी मिले है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया हैं। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही हैं। बताया जा रहा



है कि मृतक अमन की कुछ दिन पहले ही शादी हुई थी। ऐसे में आत्महत्या की वजह क्या रही, इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों को खंगाल रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं।

## बिहार एसटीएफ ने गिरिडीह में की छापेमारी, नक्सली संगठन का दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार



**गिरिडीह:** बिहार एसटीएफ ने नक्सली कांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए गिरिडीह में छापेमारी की। पुलिस के मुताबिक जिनकी गिरफ्तारी हुई है उनमें पहला आरोपी जमुई जिला के चरकापत्थर थाना क्षेत्र के चिलकाखार गांव निवासी दरोगी यादव का पुत्र पंकज यादव शामिल है और दूसरा कोडरमा जिला अंतर्गत सतगांवा थाना क्षेत्र के तांतीभागलपुर गांव निवासी सुदामा सिंह का पुत्र पवन सिंह शामिल है।

दोनों को बेंगाबाद थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। यह सफलता पटना एसटीएफ और बेंगाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली है। बताया गया कि दोनों अभियुक्तों के बेंगाबाद थाना इलाके में रहने की सूचना बिहार के पटना एसटीएफ को मिली थी। इस सूचना पर पटना एसटीएफ की टीम गिरिडीह पहुंची। मामले की जानकारी एसपी डॉ. बिमल कुमार को दी गई। एसपी में सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव को निर्देश दिया कि बिहार पुलिस को सहयोग दिया जाए। इसके बाद बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बिहार पटना से आई एसटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से छापा मार कर बेंगाबाद थाना क्षेत्र से दोनों को गिरफ्तार किया। बाद ने दोनों को अपने साथ बिहार ले गई।बताया जाता है कि दोनों से पूछताछ के बाद कई स्थानों पर छापेमारी की गई है।

पुलिस ने बताया कि दोनों के खिलाफ बिहार के जमुई जिले के चरकापत्थर थाना कांड संख्या 143/ 25 दर्ज है। यह कांड नक्सली घटना से जुड़ा हुआ है। बिहार पुलिस के मुताबिक दोनों नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध बिहार के जमुई, चकाई, चरकापत्थर और चंद्रदीप थाना के अलावा झारखंड के गिरिडीह जिला के तिसरी ब्लॉक और कोडरमा जिला के सतगांवा थाना में नक्सली गतिविधि के तहत मामला दर्ज है। उक्त दोनों नक्सली चरकापत्थर थाना क्षेत्र में जेल से बेल पर बाहर निकले नक्सली लखन यादव को गोली मार कर फरार थे।बताया गया कि बिहार पुलिस और एसटीएफ की टीम फरार दोनों आरोपियों को खोज रही थीं। पुलिस के भय से दोनों बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गोलगो पंचायत अंतर्गत मंझलाटोल गांव में शरण लिए हुए थे। सूचना के आधार पर एसटीएफ पटना की टीम इंस्पेक्टर अयोध्या प्रसाद के नेतृत्व में बेंगाबाद थाना पहुंची और बेंगाबाद पुलिस के सहयोग से मंझलाटोल गांव का घेराबंदी कर दोनों नक्सली सदस्यों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की।

## पाकिस्तानी ड्रोन से गिराई गई साढ़े छह किलो हेरोइन की खेप बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



**एजेंसी**

**श्रीगंगानगर:** राजस्थान में सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर के समेजा कोठी थाना क्षेत्र में रविवार को पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में ड्रोन के जरिए गिराई गई साढ़े छह किलो हेरोइन बरामद करके एक तस्कर को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि देर रात चक 43-44 पीएस के सरसों के खेत में सीमा पार से ड्रोन से गिराये गये हेरोइन के पैकेट उठाते एक तस्कर को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पकड़ लिया। उसके कब्जे से आठ पैकेट में करीब साढ़े छह किलो शुद्ध हेरोइन बरामद हुई। इसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य 33 करोड़ रुपये है।

पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति पंजाब का निवासी है। उसके साथ पंजाब से ही तीन चार अन्य तस्कर भी इस खेप को लेने के लिए सरसों के खेत पहुंचे थे, लेकिन एक किसान ने उन्हें देख लिया और तुरंत बीएसएफ की निकटवर्ती सीमा चौकी चक 41-पीएस को सूचना दे दी। बीएसएफ जवानों ने तत्काल इलाका घेर लिया और आरोपी को आठ पैकेट हेरोइन के साथ मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। जब आरोपी के साथी तस्करों ने देखा कि उनका साथी समय पर लौटकर नहीं आया तो उन्हें शक हो गया और वे अपनी गाड़ी में तुरंत भाग निकले।

सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ ने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी स्थानीय पुलिस को करीब चार घंटे बाद दी। इस देरी का फायदा उठाकर पंजाब के बाकी तस्कर पहले ही फरार हो चुके थे। उसके बाद पुलिस, बीएसएफ और गुप्तचर एजेंसियों के संयुक्त दल ने पूरे क्षेत्र में तलाशी ऑपरेशन चलाया और नाकाबंदी भी की, लेकिन तब तक तस्कर दूर निकल चुके थे। आज सुबह बीएसएफ, पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों के दल ने उस खेत और आसपास के सभी खेतों में छानबीन की, लेकिन कोई और पैकेट या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। पुलिस ने फिलहाल आरोपी का नाम एवं अन्य विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। मामले की जांच जारी है।

## राज्यसभा में बोले विदेश मंत्री - सीसीएस बैठक में ईरान-अमेरिका तनाव पर लिए गए कड़े फैसले

**नई दिल्ली:** मिडिल ईस्ट में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने भारत की चिंताएं बढ़ा दी हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने क्षेत्र की गंभीर स्थिति पर आधिकारिक बयान देते हुए बताया कि भारत सरकार पूरी मुस्तैदी के साथ हालात पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने साफ किया कि पीएम की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक में कई दूरगामी और कड़े फैसले लिए गए हैं।

28 फरवरी से बिगड़े हालातों पर विदेश मंत्री ने जताई चिंता: सदन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने बताया कि तनाव की मौजूदा लहर 28 फरवरी 2026 को शुरू हुई, जब ईरान के नेतृत्व वाले ठिकानों सहित कई क्षेत्रों पर भीषण हमले हुए। इन हमलों में जान-माल का भारी नुकसान हुआ



है, जिसे विदेश मंत्री ने 'वैश्विक शांति के लिए गंभीर चुनौती' करार दिया। उन्होंने सभी पक्षों से तत्काल प्रभाव से संयम बरतने और युद्ध रोकने की अपील की है।

**सीसीएस बैठक के बड़े फैसले:** विदेश मंत्री ने जानकारी दी कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 1 मार्च 2026 को उउरकी उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में मुख्य रूप से दो मोर्चों पर चर्चा हुई:

क्षेत्रीय सुरक्षा: खाड़ी क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सामरिक हितों की रक्षा।

आर्थिक प्रभाव: युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों और सप्लाई चेन पर पड़ने वाले संभावित असर का विश्लेषण।

जयशंकर ने कहा, सरकार ने सभी संबंधित मंत्रालयों को कड़े निर्देश जारी किए हैं कि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए उचित कदम उठाएं।

**भारत की अपील:** कूटनीति ही एकमात्र रास्ता भारत ने दोहराया है कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। विदेश मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि पश्चिम एशिया में स्थिरता भारत की ऊर्जा सुरक्षा और लाखों प्रवासी भारतीयों के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## मुख्यमंत्री ने टीम इंडिया को टी20 विश्व कप जीतने पर दी बधाई



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इंडिया टीम को टी 20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद बधाई दी। सोरेन ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, टीम इंडिया को टी20 विश्व कप 2026 जीतने पर हार्दिक बधाई। यह जीत करोड़ों भारतीयों के गर्व, विश्वास और जुनून की जीत है। हमारे खिलाड़ियों ने अद्भुत कौशल, साहस और टीम भावना का परिचय दिया। पूरे देश के साथ झारखंड भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहा है। जय हिंद!

सोरेन ने इशान किशन को लेकर लिखा, कुछ ही समय पहले तक आप भारतीय टीम में भी नहीं थे, लेकिन जिस आत्मविश्वास और आक्रामकता के साथ आपने वापसी की है, वह सचमुच प्रेरणादायक है। हमारे अपने झारखंड के कप्तान ईशान किशन ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से हर चुनौती को पार किया जा सकता है। सोरेन ने आगे लिखा, झारखंड के कप्तान एवं भारतीय टीम के अभिन्न सदस्य के रूप में आपका दमदार प्रदर्शन और मैदान पर पूरे जोश के साथ खेलना यह दिखाता है कि सच्चे खिलाड़ी चुनौतियों से घबराते नहीं, बल्कि और मजबूत होकर लौटते हैं। पूरे झारखंड को आप पर गर्व है। आपकी यह शानदार वापसी और प्रदर्शन राज्य के युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा है। हार्दिक बधाई और आगे के लिए ढेरों शुभकामनाएं।

## नदी में नहाने उतरे 5 बच्चे,पलक झपकते ही पानी में समा गए 3 मासूम, मची चीख-पुकार

**बिहपुर :** बिहार के भागलपुर जिले से एक बेहद दर्दनाक और रोंगटे खड़े कर देने वाली खबर सामने आई है। बिहपुर प्रखंड के हरियो पंचायत स्थित कोसी त्रिमुहान घाट पर नहाने गए पांच बच्चे अचानक गहरे पानी में डूबने लगे। इनमें से दो बच्चे तो किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन तीन मासूमों को कोसी नदी की तेज धार अपने साथ बहा ले गई। इस खौफनाक हादसे के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया है और लापता बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा उस वक्त हुआ जब गांव के पांचों बच्चे अपने अभिभावकों के साथ कोसी पार गोविंदपुर से पशुचारा लेकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान गर्मी और थकान मिटाने के लिए उन्होंने नदी में नहाने का फैसला किया। पानी में मस्ती और शरारत करते वक्त दो बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्हें मौत के मुंह में जाता देख, बचाने के चक्कर में तीसरा बच्चा भी उसी भंवर की चपेट में आ गया। गनीमत रही कि बाकी दो बच्चे किसी तरह अपनी जान बचाकर नदी से बाहर निकलने में सफल रहे और उन्होंने ही बदहवास होकर ग्रामीणों को इस हादसे की जानकारी दी। घटना की खबर इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते नदी किनारे सैकड़ों लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। फिलहाल स्थानीय गोताखोर लगातार नदी में छलांग लगाकर बच्चों की तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए मुखिया प्रतिनिधि सच्चिदानंद सिंह और ग्रामीण महेंद्र ऋषिदेव ने तुरंत क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर शैलेंद्र को मामले की जानकारी दी। विधायक के निर्देश पर नवगछिया के एसडीओ रोहित कर्दम और अन्य आला अधिकारी तुरंत हरकत में आ गए हैं। मौके पर बीडीओ सत्यनारायण पंडित और नदी थाना अध्यक्ष केशव चंद्र पूरे दल-बल के साथ कैंप कर रहे हैं।

# पिता की तरह ही होगा अंजाम, अमेरिका ने ईरान के नए सुप्रीम लीडर को दी चेतावनी

## ईरान में नए युग की शुरूआत, दिवंगत अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई ने संभाली कमान



**वाशिंगटन:** अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को ईरान का सुप्रीम लीडर चुना गया है। अमेरिकी सीनेटरों ने मोजतबा की ईरान के सुप्रीम लीडर के तौर पर नियुक्ति को लेकर जमकर आलोचना की। सीनेटरों का कहना है कि मोजतबा को सुप्रीम लीडर चुना जाना ईरान में वह बदलाव नहीं है, जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे।

सीनेटर लिंडसे ग्राहम का कहना है कि ईरान का मारे गए अली खामेनेई के बेटे को उनकी जगह चुनना वह बदलाव नहीं है जिसकी हम उम्मीद कर रहे हैं। दक्षिण कैरोलिना के रिपब्लिकन सीनेटर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मेरा मानना ??है कि यह बस कुछ ही समय की बात है जब उनका भी वही हश्र होगा जो उनके पिता का हुआ था। ग्राहम लंबे समय से ईरान पर हमले करने की वकालत करते रहे हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की पिछले हफ्ते आई रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को यह भी सलाह दी थी कि ट्रंप को कार्रवाई के लिए कैसे राजी किया जाए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जब मोजतबा खामेनेई के सुप्रीम लीडर चुने जाने को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इस पर फिलहाल कोई टिप्पणी करने से मना कर दिया। हालांकि, द टाइम्स ऑफ इजरायल के साथ एक छोटे से टेलीफोन इंटरव्यू में उन्होंने ईरान के खिलाफ हमले रोकने को लेकर बड़ा बयान दिया है।

द टाइम्स ऑफ इजरायल ने जब उनसे पूछा कि ईरान के खिलाफ हमले कब खत्म करेंगे, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह इजरायल के साथ मिलकर तय करेंगे कि ईरान के साथ युद्ध कब खत्म करना है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस फैसले का हिस्सा होंगे, लेकिन आखिरी फैसला वाशिंगटन का होगा। ट्रंप ने इजरायली मीडिया से कहा, हम बात कर रहे हैं। मैं सही समय पर फैसला लूंगा, लेकिन हर बात का ध्यान रखा जाएगा। इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका के हमले रोकने के फैसले के बाद इजरायल युद्ध जारी रख सकता है, तो ट्रंप ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इसकी जरूरत होगी।

सीआईए के पूर्व डायरेक्टर डेविड पेट्रियस ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर के तौर पर मोजतबा खामेनेई की नियुक्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने अमेरिकी मीडिया से कहा, हम मानते हैं कि वह अपने पिता की तरह ही रहेंगे, जो बहुत कट्टर विचारधारा वाले मौलवी थे। मुझे नहीं लगता कि वह अयातुल्लाह भी हैं, जब तक कि उन्हें हाल ही में प्रमोट न किया गया हो। कई दशक पहले जब उनके पिता को चुना गया था, तब वह भी इतने मशहूर नहीं थे।

इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बुधवार को चेतावनी दी कि ईरान जिस भी नेता को इजरायल को खत्म करने के लिए चुनेगा, वह निश्चित ही हत्या का टारगेट होगा, चाहे उसका नाम कुछ भी हो या वह कहीं भी छिपा हो। नेसेट (इजरायली संसद) के स्पीकर आमिर ओहाना ने भी यही बात दोहराई और कहा कि इंसान बदलने से सरकार की प्रकृति नहीं बदलती और इजरायल नए नेतृत्व से उसी तरह निपटेगा। इजरायली अधिकारियों की ओर से जारी इस बयान के बाद एक बात तो साफ है कि मोजतबा खामेनेई का अंजाम वही होगा, जो उनके पिता का हुआ था।

## ईरान में 175 बच्चों की मौत, स्कूल पर गिरी अमेरिका की टोमाहॉक मिसाइल



**नई दिल्ली/एजेंसी:** ईरान के मिनाब शहर से एक रूह कंपा देने वाली खबर सामने आई है, जहां मासूम बच्चों की हंसी एक पल में मातम में बदल गई। ईरान के सरकारी मीडिया ने एक नया वीडियो जारी किया है, जिसमें कथित तौर पर एक अमेरिकी क्रूज मिसाइल को एक परिसर पर गिरते हुए दिखाया गया है। इस हमले में एक लड़कियों के स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं और स्टाफ सहित लगभग 175 लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना लगभग एक सप्ताह पहले हुई थी। वीडियो, जो केवल सात सेकंड का है, ईरानी समाचार एजेंसी ने प्रकाशित किया। इसमें एक मिसाइल को दीवार से घिरे परिसर के भीतर स्थित एक इमारत से टकराते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में यह भी दिखाई देता है कि जिस हिस्से में लड़कियों का स्कूल था, वहां से पहले से ही धुआं उठ रहा है, जिससे संकेत मिलता है कि क्लिनिक पर हमला स्कूल पर हुए हमले के कुछ समय बाद हुआ होगा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार इस बमबारी में 165 से 180 लोगों के बीच मौतें हुईं, जिनमें अधिकांश छात्राएं थीं।

स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की तैयारी

# 634 उपकेंद्रों के भवन निर्माण को मिली मंजूरी, कई केंद्र होंगे अपग्रेड

संवाददाता

,2,लीड

**रांची:** केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग के तहत स्वास्थ्य योजनाओं में बदलाव को मंजूरी दे दी है। इसके बाद राज्य सरकार ने भी संशोधित योजना को जिलावार लागू करने की स्वीकृति जारी कर दी है। इस योजना के तहत नए स्वास्थ्य भवनों का निर्माण, स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन और डायग्नोस्टिक सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 15वें वित्त आयोग के तहत पहले से स्वीकृत स्वास्थ्य योजनाओं के कुछ कंपोनेंट में बदलाव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 516।70 करोड़ रुपये की संशोधित योजना को स्वीकृति दी गई है। केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद राज्य सरकार ने भी जिलावार संशोधित योजना को लागू करने



की अनुमति दे दी है। संशोधित योजना के तहत राज्य में भवनरहित 634 स्वास्थ्य उपकेंद्रों और 13 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए नए भवन बनाए जाएंगे। इन भवनों के निर्माण पर करीब 113।22 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा कई ग्रामीण स्वास्थ्य उपकेंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में अपग्रेड किया जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

केंद्र सरकार ने राज्य के प्रस्ताव पर कई ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और स्वास्थ्य केंद्रों में डायग्नोस्टिक सेवाओं के विस्तार की योजना को भी मंजूरी दी है। साथ ही शहरी स्वास्थ्य उपकेंद्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। दरअसल, मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति ने 15वें वित्त आयोग के तहत पहले से स्वीकृत योजनाओं के कंपोनेंट में बदलाव की सिफारिश की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मंजूरी मिलने पर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है।

केंद्र सरकार ने पिछले महीने 26 तारीख को इस योजना को कुछ शर्तों के साथ मंजूरी दी। इसके तहत राज्य सरकार को तय समय के भीतर योजनाओं को पूरा करना होगा। साथ ही योजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति की नियमित रिपोर्ट और उपयोगिता प्रमाणपत्र भी केंद्र को देना होगा। वहीं राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने स्वीकृत राशि की निकासी और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख के साथ-साथ जिलों के सिविल सर्जनों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। डायग्नोस्टिक सेवाओं के विस्तार के तहत स्वास्थ्य केंद्रों के लिए जरूरी उपकरणों की सूची भी तय कर दी गई है, जिनकी खरीद की जाएगी।

## करंट लगने से पंचायत अध्यक्ष अर्जुन महतो की मौत, श्रद्धांजलि सभा आयोजित




संवाददाता

**मुरी:** राहे प्रखंड अंतर्गत उरांवडीह निवासी अर्जुन महतो का बिजली करंट लगने से मौत हो गयी। रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद उनका पैतृक गांव उरांवडीह में पार्थिव शरीर का 5 मार्च को अंतिम संस्कार किया गया । जेएलकेएम के राहे पंचायत अध्यक्ष थे। राहे पंचायत पुरना नगर विकास भवन में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई । जिसमें क्षेत्र कार्यकर्ता और समर्थक एकजुटता दिखाई ।

केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सरल स्वभाव के धनी अर्जुन जेएलकेएम परिवार का एक मजबूत स्तंभ थे उनका असमय चले जाना पार्टी का अपूरणीय क्षति है । कार्यक्रम के मौके पर मृतक के पत्नी यमुना देवी, भैया शिव प्रसाद महतो, भाभी उगन देवी परिवार के अन्य सदस्य , जेएलकेएम केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो , सुभाष महतो, जगदीश महतो, अनंत महतो , लक्ष्मी के अलावा अन्य पदाधिकारी समेत सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी, समर्थक व ग्रामीण उपस्थित थे ।



## डोभा में डूबने से किसान की मौत, आज होगा पोस्टमार्टम

**खूंटी:** जिला के रनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बनाबीरा बड़का टोली गांव में रविवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव निवासी 55 वर्षीय किसान प्रभु सहाय तोपनो की खेत में बने डोभा में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद रनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से डोभा से शव को बाहर निकलवाया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर प्रभु सहाय तोपनो घर से निकलकर खेत की ओर गए थे। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। बाद में पता चला कि वह खेत में बने डोभा में डूब गए हैं, जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से प्रभु सहाय की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। रनिया थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## बच्चा चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने एक महिला को पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

संवाददाता

**खूंटी:** जिले में इन दिनों बच्चा चोरी की अफवाह और आशंका को लेकर लोगों में भय का माहौल देखा जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार 8 मार्च की शाम खूंटी के दतिया रोड स्थित डीएवी स्कूल के पास स्थानीय लोगों ने एक संदिग्ध महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम को डीएवी रोड के पास स्थित एक मैदान के समीप एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा गया। वहां मौजूद कुछ महिलाओं को उसकी हरकतें और हुलिया संदिग्ध लगा। जब स्थानीय महिलाओं ने उससे पूछताछ करने की कोशिश की तो महिला ने कथित रूप से गाली-गलौज करते



हुए धमकी देना शुरू कर दिया। इसके बाद आसपास की महिलाओं ने अपने परिवार के लोगों और अन्य स्थानीय नागरिकों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही आसपास के लोग उस महिला की तलाश में निकले। इस दौरान महिला लोगों को देखकर भागने का प्रयास करने लगी, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। लोगों का दावा है कि तलाशी लेने पर उसके पास से नकली नोटों का बंडल, कई प्रकार की संदिग्ध दवाइयां और अन्य सामान बरामद हुआ, जिससे लोगों का शक और बढ़ गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना खूंटी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से पूछताछ की। मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ और आक्रोश को देखते हुए पुलिस उस संदिग्ध महिला को अपने साथ थाना ले गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला किसी बच्चा चोरी गिरोह से जुड़ी है या फिर मानसिक रूप से अस्वस्थ है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ पाएगी। इधर, क्षेत्र में लगातार फैल रही बच्चा चोरी की अफवाहों और घटनाओं की आशंका से लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है, ताकि यदि कोई गिरोह सक्रिय है तो उसका पदार्फाश हो सके और क्षेत्र में फैले भय को दूर किया जा सके।



## जोन्हा में 19 मार्च से शुरू होगी श्रीराम कथा बलराम साहू बने आयोजन समिति के अध्यक्ष

**रांची:**जिले के अनगड़ा के जोन्हा में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्रीराम मंदिर जोन्हा में 19 मार्च से श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मधुसूदन साहू की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए राम कथा संचालन समिति का गठन किया गया। बलराम साहू को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया।

विंध्याचल के धर्मराज शास्त्री करेंगे श्रीराम कथा का वाचनः आयोजन समिति ने बताया कि विंध्याचल धाम से पधारे कथावाचक आचार्य धर्मराज शास्त्री जी द्वारा आगामी 19 मार्च से प्रतिदिन भव्य श्रीराम कथा वाचन प्रारंभ होगा। कथा की शुरूआत से पूर्व क्षेत्र में एक भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी।

**कथा आयोजन समिति के पदाधिकारी:** बैठक में सर्वसम्मति से बलराम साहू को समिति का अध्यक्ष और राजेश साहू को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। कार्यक्रम संयोजक का दायित्व संतोष साहू, जितेंद्र कुमार, सीताराम साहू और वसंत सुंडी को सौंपा गया है। उपाध्यक्ष पद पर प्रकाश साहू, विकास साहू और गणेश कुम्हार का चयन किया गया। सचिव राजीव साहू और पंकज गुप्ता और कोषाध्यक्ष उदय साहू और प्रकाश साहू चुने गए हैं। वहीं, मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी युवराज साहू और शंभु साहू जी को दी गई है।

**संरक्षक और सलाहकार मंडल:** समिति के संरक्षक के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो और रांची के समाजसेवी दिनेश साहू मार्गदर्शन करेंगे। वहीं, सलाहकार समिति में मधुसूदन साहू, किशोर साहू, प्रदीप साहू, आशीष साहू, परमेश्वर साहू, विनय साहू, कृष्णा साहू और दीनदयाल साहू को भी शामिल किया गया है।

इटखोरी सीओ की दबंगई का वीडियो वायरल

## आपा खोकर युवकों को गालियां देने लगीं सीओ, लाठी से मारने का भी आरोप



संवाददाता

**चतरा:** जिले के इटखोरी में अंचल अधिकारी (सीओ) सविता सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उन पर कुछ युवकों को गालियां देने और लाठी से मारने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

बहस के दौरान माहौल अचानक गर्म हो गयाः मिली जानकारी के अनुसार, चतरा जिले में आयोजित राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के बाद अंचल अधिकारी सविता सिंह वापस लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में कार से जा रहे कुछ युवकों और अधिकारियों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। बताया जा रहा है कि बहस के दौरान माहौल अचानक गर्म हो गया और स्थिति तनावपूर्ण बन गई। आरोप है कि इसी दौरान सीओ सविता सिंह ने अपना आपा खो दिया और युवकों को गालियां दीं। साथ ही उन पर लाठी से मारने का भी आरोप लगाया जा रहा है।

**वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल:** घटना के दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। यही वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद महिला अधिकारी की ओर से सफाई भी दी गई है। उनका कहना है कि संबंधित युवक गन्ने के जूस में शराब मिलाकर पी रहे थे, जिस वजह से उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई।

फिलहाल इस घटना को लेकर इलाके में चर्चा का माहौल है और लोग सोशल मीडिया पर अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। प्रशासन की ओर से इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होगी, इस पर सभी की नजर बनी हुई है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर भवन में जल महोत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ

## जल संरक्षण पर दिया गया जोर






संवाददाता

**खूंटी:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर भवन, खूंटी में जल महोत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला जल एवं स्वच्छता समिति, खूंटी, जिला समाज कल्याण विभाग तथा जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान में उपायुक्त आर। रॉनिटा के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी, जिला जल एवं स्वच्छता समिति खूंटी श्री आलोक कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल खूंटी के कार्यपालक अभियंता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उप विकास आयुक्त ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने खूंटी जिले की महिलाओं द्वारा खेल, उद्योग समेत विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। साथ ही समाज कल्याण विभाग एवं जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं की प्रशंसा की। इस दौरान बताया गया कि जल महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन 8 मार्च से 22 मार्च 2026 तक किया जाएगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में तिथिवार विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने इन कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया, जल सहिया, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, प्रखंड वॉश समन्वयक समेत अन्य को सम्मानित किया गया। साथ ही जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

## ममता बनर्जी का पुतला दहन, राष्ट्रपति के अपमान का आरोप



**खूंटी:** खूंटी जिला मुख्यालय के नेताजी चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा खूंटी जिलाध्यक्ष आनंद कुमार ने किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ घोर अपमानजनक व्यवहार किया गया है। इसी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया। भाजपा नेताओं ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संथाल आदिवासी परंपरा से जुड़े एक महत्वपूर्ण उत्सव में शामिल होने पश्चिम बंगाल गई थीं, लेकिन इस कार्यक्रम का टीएमसी द्वारा बहिष्कार किया गया। भाजपा नेताओं ने इसे राष्ट्रपति पद, संविधान और आदिवासी समाज का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि इसी घटना के विरोध में भाजपा द्वारा पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसके तहत खूंटी में भी पुतला दहन किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री निखिल कंडुलना, अनूप साहू, मनोज कुमार, जय भाला, फागु मुंडा, सुदर्शन भोक्ता, लव चौधरी, धनेश कुमार, मंटू कुमार, अर्जुन पाहन, राजेश्वर गुप्ता, जितेन्द्र कश्यप सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ध्वनि प्रदूषण पर रांची जिला प्रशासन सख्त

# रात 10 बजे के बाद डीजे या तेज साउंड में गाना बजाया तो खैर नहीं

## नियमों के उल्लंघन पर की जाएगी विधिसम्मत कार्रवाई

मेट्रो रेज



रांचीः रातू के सिमलिया क्षेत्र स्थित पांच बैंक्वेट हॉल में रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने एवं ध्वनि प्रदूषण से संबंधित मिल रही शिकायतों के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर कुमार रजत के नेतृत्व में स्थानीय थाना प्रभारी तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) की संयुक्त टीम द्वारा सिमलिया स्थित विभिन्न बैंक्वेट हॉल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में दुल्हन बैंक्वेट हॉल में किसी प्रकार का कार्यक्रम संचालित नहीं पाया गया। वहीं विवाह बैंक्वेट हॉल में एक कार्यक्रम चल रहा था, परंतु वहां किसी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त फोकस बैंक्वेट हॉल में भी कोई कार्यक्रम संचालित नहीं था।

जांच के दौरान सभी बैंक्वेट हॉल के मालिकों एवं प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे रात्रि 10 बजे के बाद डीजे या उच्च ध्वनि में संगीत का उपयोग नहीं करेंगे तथा माननीय उच्च न्यायालय एवं ध्वनि प्रदूषण संबंधी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधितों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि भविष्य में नियमों के उल्लंघन की स्थिति में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# ऑल इंडिया पोस्टल/ आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन ने महिला दिवस संघर्ष दिवस के रूप में मनाया



मेट्रो रेज

**रांचीः** जीपीओ रांची के प्रांगण में ऑल इंडिया पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन रांची के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस संघर्ष दिवस के रूप में मनाया गया। वक्ताओं ने इस मौके पर कहा कि केंद्र सरकार वैलिडेशन संशोधन के माध्यम से पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स को 8 वें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करना चाहती है। 29 मार्च 25 को पेंशन सचिव के द्वारा दिए गए आश्वासन जिसमें कहा गया था कि पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स इस संशोधन से प्रभावित नहीं होंगे, के बावजूद सरकार ने इस संशोधन को न तो वापस लिया है और किसी किस्म का लिखित निर्देश वेतन आयोग दिया है जिसके कारण देश के 65 लाख पेंशनर्स में आक्रोश है और वे पिछले साल जुलाई से आंदोलनरत है और इस आंदोलन में भागीदारी निभा रही बड़ी संख्या में महिला पेंशनर्स भी मुखर हो कर विरोध कर रही हैं।

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हम इनके जुझारूपन एवं नेतृत्व क्षमता को सलाम करते हैं झारखंड में भी महिला पेंशनर्स साथी अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं. 10 जनवरी को भी एसोसिएशन ने शहीद चौक पर इस मुद्दे को लेकर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया था जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया था. बैठक को एम जेड खान के अलावा जयनारायण प्रसाद, हसीना तिग्गा, फुलमनी बिलॉन्ग, अमिता तिर्की,के डी राय व्यथित, त्रिवेणी ठाकुर आदि ने संबोधित किया. राज्य सचिव ने अवगत कराते हुए कहा कि 28-29 मार्च को गुवाहाटी में होने वाले चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड के 36 प्रतिनिधि भाग लेंगे जिसका नेतृत्व राज्य सचिव करेंगे।



## केसरवानी समाज ने किया महिला दिवस का आयोजन

**रांचीः** जिला केसरवानी महिला समाज के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का आयोजन एवीएन. प्लाजा, स्टेशन रोड में 8 मार्च को केशरी समाज की महिलाओं द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र स्नातकोत्तर विभाग की व्याख्याता डॉ. सीमा केशरी मुख्य अतिथि थीं।

कार्यक्रम में मन की दो टूक बातें , तंबोला, नृत्य एवं गायन के कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया साथ ही रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की भी शुभकामनाएँ दीं। इस कार्यक्रम में राँची जिला महिला केसरवानी समाज की अध्यक्ष नेहा केशरी, महामंत्री पूजा केशरी, उपाध्यक्ष सुनीता टंडसी, कोषाध्यक्ष रिंकी केशरी, मंजू चौधरी, अंजू केशरी, लीना केशरी, शशि केशरी, दीपा केशरी, रंजना केशरी, अंचन केशरी, कल्पना केशरी एवं अन्य केशरी महिलाओं ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण को लेकर नारी सेना की बैठक




**रांचीः** नारी सेना, केन्द्रीय कमिटी झारखण्ड के तत्वावधान में के रातु रोड स्थित मेट्रो गली में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकार, सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संगठन को मजबूत बनाना है।

बैठक में महिलाओं के विरुद्ध हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ सशक्त कदम उठाने, दहेज उत्पीड़न को समाप्त करने, महिला शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वावलंबन एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही सामाजिक अन्याय, सरकारी अनियमितताओं और बाल मजदूरी के खिलाफ आवाज उठाने तथा महिलाओं के कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की रणनीति भी बनाई जाएगी।

नारी सेना के पदाधिकारियों ने सभी महिलाओं एवं समाज के जागरूक लोगों से अपील की है कि वे इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को मजबूत बनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

## मत्स्य कृषकों के लिए जीवन रक्षक तकनीक व जलक्रीड़ा प्रशिक्षण का शुभारंभ



**रांचीः** मत्स्य कृषकों के लिए जीवन रक्षक तकनीक - जलक्रीड़ा तथा मोटरबोट संचालन के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ रविवार को हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन अमरेन्द्र कुमार, निदेशक (मत्स्य) द्वारा किया गया। केज पालकों को अपने बहुमूल्य जीवन की रक्षा तकनीक सीखने तथा मत्स्य शिकार माही में वृद्धि के साथ-साथ मोटरबोट की मरम्मत करने संबंधी प्रायोगिक जानकारी प्रदान करना इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय जलक्रीड़ा संस्थान, गोवा से आए मुरुकेशन, मदन मोहन राव एवं जगदीश के उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में गिरिडीह, कोडरमा, साहेबगंज, सिमडेगा, बोकारो, पलामू तथा खूंटी जिले के 40 मत्स्य पालक, केज पालक उपस्थित थे। निदेशक मत्स्य ने संबोधित करते हुए कहा कि गोताखोरी के साथ साथ जीवन रक्षक तकनीक की जानकारी एवं मोटरबोट के संचालन एवं मरम्मति संबंधी जानकारी किसानों को कौशल विकास में सहायक सिद्ध होगी। जलाशय में मछली शिकार माही के दौरान दूसरों के जीवन रक्षक में भी यह प्रशिक्षण सहायक सिद्ध होगा। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

आजसू ने उपायुक्त रांची के नाम सौंपा ज्ञापन

# निजी स्कूलों द्वारा री एडमिशन के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर अबिलंब रोक लगाने की मांग

मेट्रो रेज



**रांचीः** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने उपायुक्त रांची के नाम पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निजी स्कूलों द्वारा री-एडमिशन फीस लेने पर रोक लगाने के संबंध बात कही गयी।

आजसू ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि रांची जिला के अंतर्गत आने वाले सभी निजी स्कूलों के द्वारा री- एडमिशन के नाम पर अभिभावकों पर दबाव बना कर फीस वसूला जा रहा है जो की शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) नियम का उलंघन है । सर्वोच्च न्यायालय ने भी री - एडमिशन के नाम पर कई वर्षो पहले ही अभिभावकों से अवैध तरीके से फीस वसूली पर रोक लगाने को कहा है परंतु निजी स्कूलों के द्वारा मनमाना तरीके से भिन्न-भिन्न मद से पैसे की अवैध वसूली जारी है ।

उन्होंने कहा कि अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) निवेदन करती है की इस विषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इस अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए अन्यथा आजसू बाध्य हो कर चरणबद्ध आंदोलन करेगी । इस अवसर पर विश्विद्यालय संयोजक राजेश सिंह, अमन साहू, सन्नी सिंह, राज दुबे, अंकित कुमार, अमित मिंज,संजू तिर्की , शुभ राठी व अन्य लोग उपस्थित थे।

# कोयला व्यापारी एलबी सिंह से पूछताछ कर रही है ईडी

मेट्रो रेज

**रांचीः** धनबाद के प्रसिद्ध कोयला व्यापारी एलबी सिंह से सोमवार को रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। ईडी द्वारा जारी समन के आधार पर वे पूछताछ के लिए कार्यालय पहुंचे, जहां आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अधिकारियों ने उनसे कोयला घोटाले से जुड़े मामलों और उनकी व्यापारिक गतिविधियों के संबंध में सवाल-जवाब शुरू किया।

ईडी ने कोयला घोटाले की जांच के दौरान की गई छापेमारी और अन्य कोयला व्यापारियों से पूछताछ में मिले तथ्यों के आधार पर एलबी सिंह को समन जारी किया था। पहली बार नोटिस मिलने के बाद एलबी सिंह ने अपनी बीमारी का हवाला देते हुए ईडी से पेश होने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। इसके बाद ईडी ने उन्हें आज (9 मार्च) को रांची कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

जारी समन के अनुसार, एलबी सिंह रांची स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। वहां उनकी उपस्थिति दर्ज करने और जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईडी अधिकारियों ने उनसे कोयला कारोबार और कथित घोटाले से जुड़े पहलुओं पर पूछताछ शुरू कर दी।

मेहनत के बल पर किया मंज़िल हासिल

# वार्ड 17 की नवनिर्वाचित पार्षद फातिमा शमीम बनीं महिलाओं के लिए प्रेरणा

मेट्रो रेज



**रांचीः** वार्ड 17 की नवनिर्वाचित पार्षद फातिमा शमीम ने अपनी मेहनत, लगन और संघर्ष के बल पर सफलता हासिल कर समाज के लिए एक मिसाल कायम की है। साधारण पृष्ठभूमि से आगे बढ़ते हुए उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं होती। फातिमा शमीम ने कठिन परिश्रम और जनसेवा के संकल्प के साथ यह मुकाम हासिल किया है। उनके इस संघर्ष और सफलता से क्षेत्र की महिलाओं को भी आगे बढ़ने और समाज के विकास में भागीदारी निभाने की प्रेरणा मिलेगी।फातिमा शमीम ने कहा कि वह वार्ड 17 के समग्र विकास, स्वच्छता, शिक्षा और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगी। उनका लक्ष्य क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना और विकास की नई दिशा देना है। गौरतलब है कि उनके पति सलाहउद्दीन संजु भी वार्ड 16 से नवनिर्वाचित पार्षद बने हैं। दोनों जनप्रतिनिधियों की जीत को क्षेत्र के लोगों ने विकास और जनसेवा की उम्मीद के रूप में देखा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि फातिमा शमीम और सलाहउद्दीन संजु की जोड़ी क्षेत्र के विकास और सामाजिक सौहार्द को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी।

## श्री राधा- कृष्ण प्रणामी मंदिर में मना फाल्गुन रंग पंचमी उत्सव



**रांचीः** संत शिरोमणी स्वामी सदानंद सदानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग रांची में फाल्गुन रंग पंचमी उत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। श्री राधा रानी का विशेष श्रृंगार वृंदावन से मंगाए गए आकर्षक परिधानों और जड़ित आभूषणों से किया गया । अलौकिक श्रृंगार की छटा देखते ही बनती थी। रंग गुलाल और पुष्पों के सुगंध से पूरा मंदिर प्रांगण भक्ति में वातावरण में सराबोर हो उठा। मंदिर में पधारे सभी श्रद्धालुओं को अबीर गुलाल का तिलक लगाया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा का 256 वां महाप्रसाद का आयोजन किया गया। महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, प्रसाद में वेजिटेबल खिचड़ी मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच वितरण गया। तत्पश्चात भजन-संध्या में ट्रस्ट के भजन गायकों द्वारा रंग पंचमी पर आधारित गाए मनमोहक सुमधुर भजनों श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा तथा 6 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में दर्शन किये। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रत्येक दिन दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक वेजिटेबल खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है जिसमें 500 से भी अधिक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।इस अवसर पर-राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, पूरणमल सर्राफ, मधुसूदन जाजोदिया, अरविंद अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, विष्णु सोनी सुरेश भगत, पवन पोद्दार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

ग्राउंड रिपोर्ट : वार्ड 22 के पार्षद मोहम्मद असलम से मेट्रो रेज की खास बातचीत, जनता की क्या है उम्मीद?

# जनता की सभी समस्याओं का होगा समाधान



**रांची :** हम इस वक्त रांची नगर निगम के वार्ड 22 के दफ्तर में मौजूद हैं, जहां से मोहम्मद असलम पार्षद चुने गए हैं। खास बात यह है कि वार्ड 22 से उनकी पत्नी नाजिया असलम भी पार्षद रह चुकी हैं। आइए उनसे करते हैं बात ।

**रिपोर्टरः** सबसे पहले बहुत-बहुत बधाई। आप की जीत को आप कैसे देखते हैं?

**असलम :** धन्यवाद। यह हमारी नहीं, पूरे वार्ड की जीत है। जनता ने हम पर भरोसा किया है।

**रिपोर्टर :** लोग कह रहे हैं अब तो घर में ही दो-दो पार्षद हो गए हैं, क्या फायदा होगा जनता को?

**असलम :** फायदा ही फायदा होगा। हम दोनों मिलकर तेजी से काम करेंगे । इससे लोगों की समस्याएं जल्द हल होंगी।

**रिपोर्टरः** आपके इलाके में सबसे बड़ी दिक्कत क्या है?

**असलम :** सबसे बड़ी समस्या सफाई, नाली और सड़क की है। कई जगह पानी की भी दिक्कत है।

**रिपोर्टरः** तो सबसे पहले क्या काम शुरू करेंगे?

**असलम :** सबसे पहले साफ-सफाई और नाली-सड़क को ठीक करने का काम शुरू होगा।

**रिपोर्टर :** चुनाव के समय तो सब नेता वादा करते हैं, बाद में दिखते नहीं–आप क्या अलग करेंगे?

**असलम :** हम हमेशा जनता के बीच रहेंगे। कोई भी समस्या होगी, लोग सीधे हमसे संपर्क कर सकेंगे।

**रिपोर्टरः** क्या आप लोग कोई तय दिन रखेंगे जब जनता सीधे आपसे मिल सके?

**असलमः** हां, हम जन-सुनवाई का दिन तय करेंगे ताकि लोग आसानी से अपनी बात रख सकें।

**रिपोर्टर (आसपास के लोगों की ओर इशारा करते हुए):** यहां के लोगों को आप क्या भरोसा देना चाहेंगे?

**असलम :** हम वादा करते हैं कि वार्ड का पूरा विकास होगा और हर समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा।

**रिपोर्टर :** तो आपने सुना, पार्षद मोहम्मद असलम का कहना है कि वो बुनियादी सुविधाओं पर सबसे पहले काम करेंगे। अब देखना होगा कि ये वादे जमीन पर कितनी जल्दी उतरते हैं।



## विधानसभा में गरमाया अवैध अफीम खेती का मुद्दा

**रांचीः** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को होली के लंबे अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। कार्यवाही के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए, जिनमें राज्य में बढ़ती अवैध अफीम की खेती का मामला प्रमुख रहा।

लिट्टिपाड़ा से विधायक हेमलाल मुर्मू ने सदन में राज्य में बढ़ रही अवैध अफीम की खेती को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर अफीम की अवैध खेती हो रही है, जो कानून व्यवस्था और समाज के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## किशनगंज सैन्य छावनी को लेकर दोहरी राजनीति कब तक?

किशनगंज में प्रस्तावित सैन्य छावनी को लेकर खड़ा किया गया विवाद केवल भूमि अधिग्रहण का प्रश्न नहीं है, यह नेतृत्व की विश्वसनीयता की अग्निपरीक्षा है। किसान चिंतित हैं और चिंता स्वाभाविक है लेकिन असली सवाल यह है कि क्या जनप्रतिनिधि इन चिंताओं का समाधान खोज रहे हैं या उन्हें राजनीतिक ढाल बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं?

जब वही नेता संसद में खड़े होकर किशनगंज से जुड़े सिलीगुड़ी गलियारे को देश की जीवनरेखा बताते हैं, उसे सामरिक दृष्टि से अनिवार्य मानते हैं, उत्तर-पूर्व को जोड़ने वाली परियोजनाओं को राष्ट्रीय आवश्यकता घोषित करते हैं, तब उनकी आवाज में राष्ट्रहित गूंजता है। किंतु जब उसी भूभाग में सेना की स्थायी उपस्थिति की बात आती है, तो वही स्वर विरोध में बदल जाता है। यह विरोध केवल नीति का नहीं, नीयत का भी परीक्षण है। क्या सुरक्षा केवल रेल लाइन तक सीमित है? क्या परिवहन ढांचा सामरिक है, पर उसकी रक्षा के लिए सैनिक उपस्थिति असामरिक? यदि गलियारे की मजबूती आवश्यक है, तो उसकी सुरक्षा की रीढ़ क्यों विवादास्पद बना दी जाती है? यह विरोधाभास संयोग नहीं हो सकता। यह राजनीतिक सुविधा का गणित है।

भूमि अधिग्रहण निःस्संदेह संवेदनशील विषय है। किसानों की आजीविका सर्वोपरि है। परंतु नेतृत्व का दायित्व केवल भावनाओं को हवा देना नहीं बल्कि तथ्यों को स्पष्ट करना भी है। क्या किसानों को बताया गया कि सीमांत क्षेत्र में सैन्य छावनी केवल जमीन का उपयोग नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की दीर्घकालिक सुरक्षा और स्थिरता की गारंटी है? क्या संवाद हुआ, या केवल आशंका को उछाला गया? राष्ट्र की सुरक्षा खंडों में नहीं चलती। रेल, सड़क, संचार और सैन्य उपस्थिति, ये सब मिलकर समग्र सुरक्षा तंत्र बनाते हैं। यदि एक का समर्थन और दूसरे का विरोध किया जाए, तो यह रणनीतिक दृष्टि नहीं, राजनीतिक अवसरवाद कहलाता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि सुरक्षा जैसे विषय को भी पहचान और ध्रुवीकरण के चश्मे से देखा जाने लगा है। सेना की छावनी कोई सांप्रदायिक या राजनीतिक प्रतीक नहीं होती; वह राष्ट्रीय एकता का संरक्षक स्तंभ होती है। उसे विवाद का विषय बनाना दूरगामी खतरों को आमंत्रण देना है। किशनगंज के नागरिक यह जानने के अधिकारी हैं कि उनके नाम पर कौन-सी राजनीति की जा रही है। क्या सचमुच उनकी चिंता प्राथमिक है, या यह एक बड़े राजनीतिक खेल का मोहरा है? नेतृत्व का अर्थ केवल विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि कठिन निर्णयों के समय साहस दिखाना भी है। यदि जनप्रतिनिधि सचमुच किसानों के हितैषी हैं, तो उन्हें पुनर्वास, उचित मुआवजा और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करना चाहिए, न कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को ही संदिग्ध ठहराना चाहिए। विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। आज किशनगंज में जो हो रहा है, वह केवल एक जिले का प्रश्न नहीं है। यह उस राजनीतिक संस्कृति का दर्पण है, जहां राष्ट्रहित और जनभावना के बीच कृत्रिम टकराव पैदा कर लाभ उठाने की कोशिश की जाती है। समय आ गया है कि नेता तय करें कि वे इतिहास में दूरदर्शी राष्ट्रनिमार्ता के रूप में दर्ज होना चाहते हैं, या क्षणिक राजनीति के शोर में खो जाना चाहते हैं। किशनगंज की यह कसौटी केवल स्थानीय नहीं, राष्ट्रीय स्मृति में अंकित होगी।(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## मातृभाषा के सहारे भारत का सांस्कृतिक विकास

मानव जीवन शैली में शिक्षा हो या व्यवस्था दोनों ही स्थितियों में मातृभाषा का महत्व कितना है यह सर्वविदित है। व्यवहारिक जीवन और अध्ययनशीलता के लिए ककहरा सीखना हो तो मातृभाषा के बिना सब व्यर्थ है। निज भाषा के बिना किसी भी चीज को सीखना, समझना और जानना असंभव है। कवि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने निज भाषा का महत्व बताते हुए लिखा है कि -

'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटन न हिय के सूल ।। निज भाषा से तात्पर्य हिंदी सहित सभी स्थानीय भारतीय भाषाओं से है। फिर आगे लिखते हैं -

अंग्रेजी पढ़के जदपि, सब गुण होत प्रवीण। पै निज भाषा ज्ञान के, रहत हीन के हीन ।।

अर्थात अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषाओं में प्राप्त शिक्षा से आप प्रवीण तो हो जाओगे किंतु सांस्कृतिक एवं व्यवहारिक दृष्टिकोण से हीन ही रहोगे।

मातृभाषा से बच्चों का परिचय घर और परिवेश से ही शुरू हो जाता है। अपनी मातृभाषा में बातचीत करने और चीजों को समझने-समझाने की क्षमता के साथ बच्चे विद्यालय में जाना शुरू करते हैं। इस तरह से अगर मातृभाषा से विद्यालयों में पढ़ाया जाय तो इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं।

मातृभाषा को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के लिए 10 जनवरी 1975 को नागपुर से प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने की शुरूआत की गई। इस दिवस में 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मारिशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री सर शिवसागर रामगुलाम ने कहा कि हिंदी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। इस अवसर पर बहुत-सी बातें हिंदी, अवधी, भोजपुरी, ब्रजभाषा, मगही, मराठी, कोंकणी, बागड़ी, मारवाड़ी, मालकी, निमाड़ी, बंगला, असमिया, मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़, जनजातीय भाषाओं आदि में कही जाती है तो इसका व्यापक प्रभाव होता है।

विदेशों में बसे भारतवंशियों ने अपनी भाषा, संस्कृति, आचार-विचार को साहित्यिक रूप में लिखकर और भी समृद्ध बनाया। दुनिया में 40 देशों के 600 विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई होती है। ग्लोबल होती दुनिया में हिंदी पारम्परिक ज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मिशाल बन रही है। हिंदी साल दर साल इंग्लिश कंटेंट के 19 प्रतिशत के मुकाबले में 94 प्रतिशत के तेज गति से बढ़ रही है। हिंदी भाषा का प्रकाशपुंज सहिष्णुता, विश्व शांति और सद्भाव का संदेश पूरे विश्व के मानव जगत को दे रहा है। इसी वजह से भारत में स्थानीय भाषा के विपरीत अगर हम बच्चों को गीत, संवाद के लिए स्थानीय भाषा के बजाय अंग्रेजी को प्रोत्साहित कर रहे हैं तो हम उन्हें अपने परिवेश, संस्कृति और जड़ों से काट देना चाहते हैं। इससे बचने का एक ही तरीका है कि हम अपनी मातृभाषा में संवाद, चिंतन और विचार-विमर्श को दैनिक जीवन की शैली में शामिल करें। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर भारत सरकार ने भी 2020 में नई शिक्षा नीति जारी कर भारत भर में निज भाषा में शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित किया है, विलुप्त होती भाषाएं अपने अस्तित्व को पुनः प्राप्त कर सकती हैं, यह सराहनीय कदम है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से हिंदी के साथ-साथ भारतीय एवं जनजातीय भाषाओं का महत्व बढ़े, इस ओर ध्यान देना आवश्यक है। भाषा को जब-तक बाजार अपनाता नहीं है तब-तक भाषा का विकास होता नहीं है। भारतीय बाजार को हिंदी के साथ स्थानीय भाषाओं, जनजातीय भाषाओं को स्वीकारना होगा। भारत में हिंदी एवं स्थानीय भाषाओं का पर्याप्त प्रचार-प्रसार एवं बाजार आधारित शिक्षा व्यवस्था का अनुपालन अनिवार्यतः होना चाहिए। मातृभाषा के सहारे भारत का लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक विकास संभव है।

# दिल्ली सरकार का एक साल और बदलाव की बयार

**अभी हर रोज करीब 71 हजार लोग खाना खा रहे हैं। साल भर में ही पानी, बिजली, स्वास्थ्य, सार्वजनिक परिवहन, प्रदूषण दूर करने, यमुना की सफाई और दिल्ली के मूलभूत ढांचे को बेहतर करने की ठोस बुनियाद रखी गई हैं। जन सुनवाई की हर स्तर पर व्यवस्था और आम जन की शिकायतों पर कड़ाई से अमल होना शुरू हो गया है।**

**मनोज कुमार मिश्र**

27 साल के लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार ने साल भर के शासन में भविष्य की विकसित दिल्ली की ठोस बुनियाद रखी। 20 फरवरी,2026 को सरकार के एक साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंत्रिमंडल के अपने सभी सहयोगियों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इस मौके पर पहला कदम बदलाव का, एक साल विकास का, नाम से एक बुकलेट भी जारी की गई। इसमें दावा किया गया कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बहाने बनाने के बजाए कड़ी मेहनत करके भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित दिल्ली बनाने के लिए हर दिन काम किए। 365 दिन में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर(डिस्पेंसरी) बने, इसकी संख्या इस साल 1100 करने का लक्ष्य है। पांच रुपये में गरीबों को भाजन उपलब्ध कराने के लिए 71 अटल कैंटीन शुरू की गई। अभी हर रोज करीब 71 हजार लोग खाना खा रहे हैं। साल भर में ही पानी, बिजली, स्वास्थ्य, सार्वजनिक परिवहन, प्रदूषण दूर करने, यमुना की सफाई और दिल्ली के मूलभूत ढांचे को बेहतर करने की ठोस बुनियाद रखी गई हैं। जन सुनवाई की हर स्तर पर व्यवस्था और आम जन की शिकायतों पर कड़ाई से अमल होना शुरू हो गया है। वैसे अभी सरकार के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है। उसका सामना करने और उसका निबटारा करने के लिए सरकार को लगातार युद्ध स्तर पर काम करना होगा।

वादे के मुताबिक मंत्रिमंडल की पहली बैठक में आम लोगों को मुफ्त उपचार के लिए आयुष्मान योजना न केवल दिल्ली में लागू किया गया। अब तक इस योजना में सात साख से ज्यादा लोग पंजीकरण कराकर इसका लाभ उठा रहे हैं। झुग्गी बस्तियों के लिए सात सौ करोड़ का बजट जारी किया गया है। दिल्ली में देश का सर्वाधिक न्यूनतम वेतन 22411 रुपये प्रति महीना लागू किया गया। कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए 500 पालन केन्द्र खोले गए हैं। परिवहन क्षेत्र में चार हजार से अधिक ई-बसें चलाई जा रहा है। नौ हजार से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। नई ईवी नीति, ई- बाइक, ई-टैक्सी को बढ़ावा देने के अलावा दिल्ली के आखिरी छोर तक सार्वजनिक वाहन को पहुंचाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। वैसे सरकार को हाई कोर्ट के हलफनामे के हिसाब से 11 हजार बसों को सड़क पर लाने की भी चुनौती है। यमुना साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से 28 को अपग्रेड किया गया है। नौ पर काम चल कहा है। 12 नए संयंत्र बनेंगे। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने से लेकर दिल्ली के मूलभूत ढांचे को विकसित करने से लेकर दिल्ली को आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के प्रयास के लिए दिल्ली सरकार केन्द्र की सरकार के सहयोग से दिन-रात काम कर रही है। साल 1993 में दिल्ली में नए प्रशासनिक ढांचे में विधानसभा बनने पर हुए पहले चुनाव में भाजपा की सरकार बनी। पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदलने के बावजूद उस सरकार ने कई ठोस काम किए। पहली बार यमुना के जल में राज्य की तरह दिल्ली को हिस्सा मिला। दिल्ली सरकार ने अपने अधिकार बढ़ाकर बिजली बोर्ड बनाकर बिजली का उत्पादन बढ़ाया। नए स्कूल कालेज ही नहीं नया विश्वविद्यालय बनाया गया। नए अस्पताल बने और बड़ी संख्या में दिल्ली के हर कोने में निर्माण कार्य हुए। दिल्ली मेट्रो की नींव रखी गई।1984 के सिख दंगा पीडितों को न्याय दिलाने के प्रयास हुए। इस सिलसिले को 1998 में शीला दीक्षित की अगुवाई बनी कांग्रेस सरकार ने और आगे बढ़ाया। दिल्ली के मूलभूत ढांचे के विकसित करने की सर्वाधिक श्रेय शीला दीक्षित के जाता है। पूरी दिल्ली में काम हुए। दिल्ली फ्लाईओवर का शहर बना। असंभव माने जाने वाले बारापूला नाले को ढक कर कई किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बना। ऐतिहासिक सलीम गढ़ किला के ऊपर से सड़क निकाली गई। मेट्रो दिल्ली समेत पूरी एनसीआर(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में पहुंचा। 15 साल शीला दीक्षित के शासन के बाद आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी(आआपा) की दिल्ली में सरकार दस साल रही। बीच में करीब साल भर के लिए राष्ट्रपति शासन भी लगा। आआपा की अनुभवहीन सरकार ने कामकाज से ज्यादा विवाद ही किया। विकास कार्य पटरी से उतर गई। आम लोगों को लुभाने के लिए सरकार केवल मुफ्त की रेवड़ियां बांटती रही। इसी के बल पर वे दो बार प्रचंड बहुमत से विधानसभा चुनाव जीत गए। उसके बाद साल भर पहले भाजपा की सरकार बनी। चुनाव प्रचार में भाजपा के नेताओं ने बड़े-बड़े वादे किए थे। उनमें से कुछ पर तो अमल शुरू हो गए हैं लेकिन काफी काम अभी करने हैं। कायदे में आआपा शासन के दस साल ने दिल्ली में विकास की दिशा ही बदल दी थी। उसे वापस पटरी पर लाना भाजपा सरकार के लिए पहली चुनौती थी। उसमें वे कामयाब रहे। दिल्ली की समस्या अनोखी है। उसका इलाका तो 1483 किलोमीटर ही रहना है लेकिन आबादी बेहिसाब बढ़ रही है। दिल्ली की आबादी में हर साल पांच लाख अतिरिक्त आबादी जुड़ती है। देश की राजधानी होने और नोट-वोट की राजनीति में कोई भी राजनीतिक दल इस पर अंकुश लगाना नहीं चाहता है। दिल्ली का अपना कुछ नहीं है। मौसम से लेकर बिजली-पानी के लिए दिल्ली पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली की सड़कों भी एक सीमा से ज्यादा नहीं बढ़ सकती। शीला दीक्षित ने भी सड़क के ऊपर सड़क ( डबल डेकर रोड ) बनाने की योजना बनाई थी, उस पर अमल रेखा गुप्ता सरकार करने वाली है। सड़कों से वाहनों की भीड़ कम होना कठिन हो गया है। पेरेफेरियल सड़कों के अलावा चार सौ किलोमीटर मेट्रो चलने और दिल्ली से मेरठ के लिए नमो भारत रेल शुरू होने आदि के बावजूद सड़कों पर भीड़ लगातार बढ़ रही है। केन्द्र सरकार ने दो और रास्तों पर नमो भारत रेल चलाने की घोषणा की है।

# नई दिल्ली घोषणा से कृषि क्रांति तक भविष्य की वैश्विक धुरी एआई

**केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया कि यह घोषणापत्र सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से प्रेरित है। इसका उद्देश्य एआई संसाधनों और उसके लाभों को कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित रखने के बजाय पूरी मानवता तक पहुंचाना है। घोषणा में सात प्रमुख स्तंभों को आधार बनाया गया है**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने विश्व समुदाय को यह स्पष्ट संकेत दे दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत अब नीति निर्धारण और वैश्विक दिशा तय करने वाला देश बन चुका है। 89 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भागीदारी तथा 88 देशों द्वारा हस्ताक्षरित नई दिल्ली घोषणा ने भारत के मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण को जब अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की, तब इसके साथ यह भी तय हो गया कि भारत अब एआई क्राति में आर्थिक, सामाजिक और नैतिक आयामों को समेटने वाला देश बनने जा रहा है।

दरअसल, नई दिल्ली घोषणा का मूल दर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस विचार में निहित है, जिसमें एआई को मानव कल्याण का साधन माना गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया कि यह घोषणापत्र सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से प्रेरित है। इसका उद्देश्य एआई संसाधनों और उसके लाभों को कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित रखने के बजाय पूरी मानवता तक पहुंचाना है। घोषणा में सात प्रमुख स्तंभों को आधार बनाया गया है; एआई संसाधनों का लोकतंत्रीकरण, आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई, सुरक्षित और भरोसेमंद एआई, विज्ञान के लिए एआई, सामाजिक सशक्तिकरण, मानव पूंजी विकास तथा लचीली और ऊर्जा-कुशल प्रणालियां। यहां यह ढांचा वैश्विक सहयोग की नई संरचना प्रस्तुत करता हुआ दिखा है, जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करते हुए साझा प्रगति को प्राथमिकता दी गई है।

700 अरब डॉलर तक पूंजीगत व्यय की तैयारी

इस समिट ने एक और महत्वपूर्ण संदेश दिया कि भारत एआई निवेश का नया वैश्विक केंद्र बन रहा है। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और अल्फाबेट जैसी दिग्गज कंपनियां एआई पर वैश्विक स्तर पर लगभग 700 अरब डॉलर तक पूंजीगत व्यय की तैयारी में हैं। भारत में बड़े औद्योगिक समूहों ने भी अभूतपूर्व निवेश योजनाओं की घोषणा की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लगभग 110 अरब डॉलर डेटा सेंटर और संबंधित अवसंरचना में निवेश की योजना बना रही है, जबकि अदाणी ग्रुप ने अगले दस वर्षों में 100 अरब डॉलर एआई आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए निर्धारित किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने इस दशक के अंत तक ग्लोबल साउथ देशों में 50 अरब डॉलर निवेश की दिशा में बढ़ने की बात कही है।

ओपनएआई और एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज ने टाटा समूह के साथ मिलकर भारत में एआई क्षमताओं को मजबूत करने का संकल्प लिया है। ब्लैकस्टोन ने भारतीय एआई इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी नेयसा में 600 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। एनवीडिया ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी भागीदारी बढ़ाने की घोषणा की है। ये निवेश केवल पूंजी प्रवाह नहीं हैं; ये भारत की डिजिटल संप्रभुता, डेटा अवसंरचना और तकनीकी आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने की दिशा में संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत हैं।

समिट में वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की उपस्थिति ने भारत की बढ़ती साख को और मजबूत किया। ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, अल्फाबेट के सुंदर पिचाई, एंथ्रोपिक के डारियो अमोदेई और गूगल डीपमाइंड के डेमिस हासाबिस जैसे वैश्विक नेता इस आयोजन में शामिल हुए। निश्चित ही यह भागीदारी संकेत है कि भारत अब वैश्विक तकनीकी विमर्श का केंद्र बन चुका है। अमेरिका और भारत के बीच पैक्स सिलिका समझौते ने सिलिकॉन आधारित तकनीकों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के सहयोग को नया आयाम दिया है। भारत द्वारा 18 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी देना इस रणनीतिक दृष्टि का आधार है।

एआई के संदर्भ में भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका समावेशी दृष्टिकोण है। यहां एआई को केवल कॉर्पोरेट लाभ का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का उपकरण माना जा रहा है। इसका सबसे सशक्त उदाहरण कृषि क्षेत्र में दिखाई देता है। इस संदर्भ में मुंबई में आयोजित अक्क4अॅ१ 2026 सम्मेलन को देखा जा सकता है, जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि भारत की अगली कृषि क्रांति एआई संचालित होगी।

इंडिया एआई मिशन, जिसका बजट 10,372 करोड़ रुपये है, स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग क्षमता, डेटा सेट और स्टार्टअप ढांचे को मजबूत कर रहा है। भारतजन के तहत विकसित अॅ१ ढंर्१ मॉडल 22 भारतीय भाषाओं में किसानों को सलाह प्रदान कर रहा है। यह भाषाई समावेशन एआई को वास्तविक अर्थों में जन-केंद्रित बनाता है। ड्रोन और उपग्रह आधारित मैपिंग से लेकर जलवायु पूवार्नुमान और जैव प्रौद्योगिकी तक, एआई का एकीकृत उपयोग कृषि को अधिक सटीक, टिकाऊ और लाभकारी बना रहा है। यदि 60 करोड़ किसानों की उत्पादकता में केवल 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो यह इस सदी का सबसे बड़ा गरीबी-निवारण अवसर सिद्ध हो सकता है, और भारत इस परिवर्तन का सह-निमार्ता बन रहा है। भारत की रणनीति का एक और महत्वपूर्ण आयाम ओपन-सोर्स और ऊर्जा-कुशल एआई मॉडल है। पश्चिमी देशों के बंद और पेटेंट-आधारित ढांचे के विपरीत, भारत सुलभ और पारदर्शी एआई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है। कम लागत वाले डेटा सेंटर, ऊर्जा दक्ष अवसंरचना और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए छोटे, उद्देश्य-विशिष्ट एआई मॉडल भारत को व्यापक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं। कम कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में मोबाइल आधारित एआई समाधान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि तकनीक का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

भारत की जनसंख्या संरचना भी इस परिवर्तन को गति दे रही है। 1.4 अरब की आबादी, विशाल युवा प्रतिभा-आधार और तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था इसे वैश्विक एआई हब बनने के लिए उपयुक्त बनाती है। आधार, यूपीआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मजबूत आधारभूत ढांचे एआई अनुप्रयोगों के लिए तैयार मंच प्रदान करते हैं। नीतिगत स्पष्टता, निवेश की बाढ़ और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का संयोजन भारत को एक अद्वितीय स्थिति में खड़ा करता है। अतः इस संदर्भ में कहना यही है कि नई दिल्ली घोषणा ने आज ये संदेश दिया है कि एआई का उद्देश्य दक्षता बढ़ाने के साथ ही समानता और समावेशन सुनिश्चित करना है। निवेश प्रतिबद्धताएं भारत को अवसंरचना और नवाचार की शक्ति प्रदान कर रही हैं, जबकि कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रयोग यह सिद्ध कर रहे हैं कि एआई जमीन पर वास्तविक परिवर्तन ला सकता है। इस आधार पर यही सच प्रतीत होता है कि यदि बीती सदी औद्योगिक क्रांति की थी और वर्तमान सदी डिजिटल क्रांति की है तो आने वाला दशक एआई क्रांति का होगा। इस क्रांति की धुरी वही देश बन सकता है, जोकि तकनीक को मानव कल्याण से जोड़कर वैश्विक सहयोग का सेतु बन सके। साथ ही जिसमें नवाचार को समावेशी बनाने की क्षमता हो। कहना होगा कि आज ये संकेत स्पष्ट हैं; भारत उसी दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है और एआई के युग में विश्व व्यवस्था का एक प्रमुख निमार्ता बनने की ओर अग्रसर है।

# वैष्णव देवी के पास महादेव का चमत्कार

अक्सर हम जम्मू-कश्मीर की धार्मिक यात्रा की योजना बनाते हैं। तो जम्मू-कश्मीर में मां वैष्णों देवी का नाम जुंबा पर सबसे पहले आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मां के दरबार से मात्र कुछ ही दूरी पर महादेव का एक ऐसा धाम है, जिसको देखे बिना आपकी आध्यात्मिक यात्रा अधूरी मानी जाती है। दरअसल, हम यहां पर बात कर रहे हैं, शिवखोड़ी गुफा की। इसको 'देवताओं की गुफा' भी माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्यों शिवखोड़ी की यात्रा के बिना वैष्णों देवी की यात्रा अधूरी मानी जाती है।

### शिवखोड़ी गुफा



जम्मू के रियासी जिले में स्थित शिवखोड़ी गुफा किसी चमत्कार से कम नहीं है। 'खोड़ी' का अर्थ है गुफा और यह गुफा करीब 200 मीटर लंबी है। माना जाता है कि इस गुफा का आकार भगवान शिव के डमरू जैसा है। गुफा के अंदर जाने का रास्ता संकरा है, लेकिन जैसे-जैसे आप अंदर बढ़ते हैं और एक विशाल कक्ष खुलता है, जहां पर साक्षात महादेव विराजमान हैं। से खुला था रहस्य

### पौराणिक रहस्य

स्थानीय मान्यताओं के मुताबिक जब राक्षस भस्मासुर ने भगवान शिव को भस्म करने की कोशिश की। तब स्वयं भोलेनाथ ने खुद को बचाने के लिए इस गुफा का निर्माण किया था। यहां पर भोलेनाथ और भस्मासुर के बीच भीषण युद्ध हुआ था। अंत में जगत के पालनहार भगवान विष्णु ने 'मोहिनी' रूप धारण करके भस्मासुर का अंत किया। इस गुफा के अंदर बनी आकृतियां आज भी उस काल की गवाही देती हैं।

### गुफा के अंदर के चमत्कार

शिवखोड़ी की सबसे खास बात यह है कि यह एक प्राकृतिक शिवलिंग है। यह किसी इंसान द्वारा बनाया गया शिवलिंग नहीं बल्कि गुफा की छत से चूने का पानी टपक-टपककर इस पर गिरता है। जोकि प्राकृतिक अभिषेक जैसा दिखाई देता है। वहीं गुफा की दीवारों पर गणेशजी, कार्तिकेय और शेषनाथ के जैसी आकृतियां भी देख सकते हैं। इनको देखकर ऐसा लगता है कि मानो सारा देवलोक इसी गुफा में सिमटकर आया हो।

### स्वर्ग का रास्ता

इस गुफा के बारे में एक और गहरा रहस्य है कि इसके अंदर कई संकरे रास्ते हैं। माना जाता है कि इनमें से एक रास्ता सीधे अमरनाथ गुफा की ओर जाता है। लेकिन सुरक्षा कारणों की वजह से अब इन रास्तों को बंद कर दिया गया है। शिवखोड़ी से कटरा से करीब 70-80 किमी दूर है। मां वैष्णों देवी के दर्शन के बाद आप बस या टैक्सी से यहां पहुंच सकते हैं।

## टिप्स

### फेटी लिवर की समस्या का रामबाण इलाज

इन दिनों फैटी लिवर एक आम समस्या है, जो इन दिनों तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रही है। इस कारण जातक को अक्सर कई तरह की सेहत संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह एक गंभीर समस्या है, जिसको नजरअंदाज करने की गलती आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती है। वहीं लंबे समय तक फैटी लिवर का इलाज न कराने से यह लिवर फेलियर की वजह बन जाता है। बता दें कि लिवर हमारे शरीर के अहम अंगों में से एक है। जोकि शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। इसके अलावा यह शरीर में और भी कई जरूरी काम करता है। इसलिए जरूरी है कि अपने लिवर का खास ख्याल रखा जाए, जिससे किसी गंभीर परिणामों बचा जा सके। फैटी लिवर से बचाव के लिए जरूरी है कि डाइट के साथ एक्सरसाइज और योग भी जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे आसनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो फैटी लिवर से बचाव में मददगार हो सकते हैं।

**त्रिकोणासन** : यह एक ऐसा ट्राएंगल पोज है, जिसको फायदेमंद आसन माना जाता है। यह आसन बाहों, कोर और पैरों को मजबूत करने के अलावा कमर, कूल्हों और हैमस्ट्रिंग की स्ट्रेचिंग जैसे शारीरिक फायदे भी देता है। इस आसन को करने से पाचन बेहतर होता है।

**ऐसे करें ये आसन** : इस आसन को करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और फिर अपने पैरों को फैलाएं।

अब दाहिने हाथ को नीचे पैर की ओर झुकाएं और बाएं हाथ को ऊपर की तरफ उठाएं।

फिर 30 सेकेंड तक इस पोजिशन में बने रहें और फिर दूसरे हाथ से भी इस पोजिशन को ट्राई करें।

**स्फिंक्स आसन** : इस आसन को रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद माना जाता है। स्फिंक्स आसन को करने से स्पाइनल कार्ड मजबूत होती है। इस आसन का अभ्यास करने से कंधे, छाती और पेट स्ट्रेच होते हैं और पेट के अंगों की फंक्शनिंग बेहतर होती है। यह आसन थकान और तनाव दूर करने में भी मददगार है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## आरपितों की जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी : थाना प्रभारी

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के कबूतरखोपी निवासी विमला देवी ने कुछ लोगों के ऊपर जान मारने की नीयत से मारपीट करने एवं छिनतई व छेड़खानी करने को लेकर जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया है। विमला देवी ने आवेदन में बताया कि बीते शुक्रवार शाम में घर पर नहीं थी गांव के ही किशोर मंटू सहित अन्य लोग घर में घुस गए और तोड़फोड़ करने लगे। बक्सा में रखा मेरी बहू का सोने चांदी का आभूषण नगद 12 हजार छोड़कर ले लिया। साथ ही पुत्र अनिल कुमार को उन लोगों ने बुरी तरह से मारपीट किया और उसका मोबाइल भी छीन लिया अनिल किसी तरह जान बचाकर भाग। फिर उन लोगों ने मेरे साथ भी मारपीट और मेरे साथ छेड़खानी करने लगा। इस संबंध में थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है जल्दी आरपितों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## भाजपा सरकार के ताबूत में कील गाड़ने का काम करेगा सवर्ण समाज : अंकित पाण्डेय



**साहिबगंज :** शहर के एन०आर०पी सेंटर स्कूल में सवर्ण समाज की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में लोगों ने सामाजिक एकता को लेकर चर्चा किया एवं वर्तमान में ज्वलित मुद्दा यूजीसी एक्ट रेगुलेंस 2026 जो कि सवर्ण समाज को शिक्षा से दूर करने की साज़िश वाला बताते हुए वर्तमान केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त की।कार्यक्रम में शामिल टाइगर अंकित पाण्डेय ने लोगों को आने वाले समय में आपसी एकता को मजबूती प्रदान करने हेतु हर रविवार को बैठक आयोजित करने का अपना विचार रखा एवं कहा कि आने वाले समय में जिस भाजपा को सवर्ण समाज के लोगो ने अपना तन मन धन से आगे बढ़ाने का काम किया वही समाज एक होकर इस सवर्ण विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।मौक पर विकाश चौधरी ने वार्ड स्तर तक लोगों को जोड़ने का काम करने का विचार रखा।वरिष्ठ पत्रकार अरविंद ठाकुर को सर्व सहमति से मीडिया प्रभारी का जिम्मेदारी सौंपा गया।इस बैठक में मुख्य रूप से राजीव ओझा,श्रीकांत ओझा,मनोज झा,जय किशोर झा,बसंत मिश्रा,सुबोध झा, रंजीत सिंह,बच्चन पाठक,डब्लू ओझा, अभिनाश तिवारी प्रशांत ठाकुर आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## फिजियोथैरेपी केंद्र में हुआ महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम



**साहिबगंज :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के द्वारा पुरानी साहिबगंज स्थित फिजियोथैरेपी क्लिनिक हैप्पी टू वर्क फिजियो केंद्र में चिकित्सा और महिलाओं के बीच काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉक्टर श्वेता मिश्रा,पूनम तिवारी सहित कई मातृ शक्तियों को सम्मानित करने का काम किया गया।मातृ शक्तियों को संबोधित करते हुए कौशल्या ज्योति के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र पीछे नहीं है। सामाजिक सांस्कृतिक,स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम कर रहीं हैं।इसी क्रम में फिजियोथैरेपी की चिकित्सा डॉ श्वेता मिश्रा,सामाजिक कार्यकर्ता पूनम तिवारी,वार्ड पार्षद सुनीता देवी,रश्मि चोखानी सहित दर्जनों महिलाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन ज्योति मिश्रा ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फिजियोथैरेपी केंद्र के संचालक गोपाल तिवारी,डॉ ममता विद्यार्थी,पूजा यादव,रीमा कुमारी,सहित कई महिलाओं शामिल हुई।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के प्रेरणा का दिन है : डॉ.खिरोधर

**दुमका :** संताल परगना महाविद्यालय, दुमका में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव ने की। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण, समानता और शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में प्राचार्य डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान, समान अधिकार और अवसरों को सुनिश्चित करने की प्रेरणा का दिन है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज में महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के अवसर नहीं मिलेंगे तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आज महिलाएँ शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। कार्यक्रम में अन्य उपस्थित वक्तागण ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी से ही एक समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके अधिकारों तथा अवसरों की समानता सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर दुमका की बेटी सुदीपा दत्ता के संघर्ष और सफलता का विशेष रूप से उल्लेख किया गया, जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ) की परीक्षा में 41वाँ रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वक्ताओं ने कहा कि सुदीपा दत्ता की उपलब्धि महिला सशक्तिकरण का एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो यह दशार्ती है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद दृढ़ संकल्प और निरंतर परिश्रम से बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. पूनम बिंझा, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ. प्रतिभा टुडू, डॉ. यदुवंश यादव, डॉ. कमल शिवकांत हरि तथा महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नारी अब अबला नहीं बल्कि सशक्त जागरूक और आत्मनिर्भर शक्ति है : अखिल

### साहिबगंज की पहल महिलाओं को कानूनी अधिकार व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने बताया कि पारा लीगल वॉलिंटियर्स - न्याय मित्रों द्वारा गांव-गांव में जाकर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों सुरक्षा से संबंधित कानूनों और सरकार




द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि नारी अब अबला नहीं बल्कि सशक्त जागरूक और आत्मनिर्भर शक्ति है।जो अपने अधिकारों को जानकर समाज और परिवार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध कानून, बाल विवाह निषेध अधिनियम, संपत्ति में महिलाओं के अधिकार, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा तथा निःशुल्क विधिक सहायता की सुविधा के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही पीड़ित महिलाओं को मिलने वाले मुआवजा, सहायता एवं न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया।इसके अतिरिक्त महिलाओं को महिला सशक्तिकरण स्वास्थ्य शिक्षा स्वरोजगार व सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साहेबगंज के कार्यालय का संपर्क नंबर 9471521725 भी साझा किया गया। ताकि जरूरतमंद लोग सीधे संपर्क कर सकें। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं स्थानीय लोग जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना सरकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना था। डालसा ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## कक्षा 6, 7 और 8 में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न

**साहिबगंज :** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालयों एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026झ27 हेतु कक्षा 6,7 एवं 8 में नामांकन के लिए आज प्रवेश परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह परीक्षा उत्क्रमित नगर पालिका कन्या मध्य विद्यालय साहिबगंज परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली व द्वितीय पाली में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई।उक्त परीक्षा केंद्र पर विधि-व्यवस्था एवं परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद साहिबगंज श्री अभिषेक कुमार सिंह को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। उनके पर्यवेक्षण में परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह -प्रभारी जिला



कल्याण पदाधिकारी साहिबगंज श्री संजय कुमार दास ने बताया कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भोगनाडीह बरहेट में नामांकन हेतु कुल 148 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से आज 129 छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 19 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय बरहेट, बांझी, वृंदावन, बंदरकोला एवं धमधामियां में नामांकन हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 के लिए कुल 44 अभ्यर्थियों में से 41 उपस्थित तथा 03 अनुपस्थित रहे। कक्षा 7 के लिए कुल 88 अभ्यर्थियों में से 85 उपस्थित तथा 03 अनुपस्थित रहे। कक्षा 8 के लिए कुल 14 अभ्यर्थियों में से 13 उपस्थित तथा 01 अनुपस्थित रहे।पूरी परीक्षा प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई। जिला प्रशासन एवं कल्याण विभाग द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

## अपमानजनक व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है : चौकीदार हांसदा

संवाददाता

**साहिबगंज :** पश्चिम बंगाल में ममता सरकार द्वारा महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के प्रति किए गए अपमानजनक व्यवहार के विरोध में साहिबगंज अनुसूचित जनजाति मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष चौकीदार हासदा के नेतृत्व में ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया।इस अवसर पर कार्यकताओं ने राष्ट्रपति पद की गरिमा का सम्मान बनाए रखने की मांग करते हुए ममता सरकार के इस व्यवहार की कड़ी निंदा की।महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के प्रति किया गया अपमानजनक व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन राष्ट्रपति केवल एक व्यक्ति नहीं,बल्कि भारत के संविधान,लोकतंत्र और 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एवं सम्मान का प्रतीक होती हैं।राष्ट्रपति जी के कार्यक्रम को लेकर राज्य सरकार की उदासीनता तथा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का व्यवहार लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मयार्दाओं के अनुरूप नहीं कहा जा सकता।यह केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं, बल्कि भारत के संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा को आहत करने वाला कृत्य है।भारत का संविधान स्पष्ट रूप से बताता है कि राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर होता है।ऐसे में किसी भी राज्य सरकार या जनप्रतिनिधि का यह कर्तव्य होता है कि वह राष्ट्रपति के प्रति पूर्ण सम्मान और निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करे। किंतु दुर्भाग्यवश पश्चिम बंगाल में जो घटनाएँ सामने आईं,उन्होंने यह संकेत दिया है कि वहाँ राजनीतिक अहंकार और असंवेदन शीलता लोकतांत्रिक मूल्यों पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है।उल्लेखनीय है कि महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं।उनका व्यक्तित्व और पद देश की करोड़ों महिलाओं आदिवासी समाज व वंचित वर्गों के लिए प्रेरणा और सम्मान का प्रतीक है।ऐसे में उनके प्रति किसी भी प्रकार का अपमानजनक व्यवहार स्वाभाविक रूप से पूरे देशवासियों की भावनाओं को आहत करने वाला है।लोकतंत्र में विचारों का मतभेद स्वाभाविक है,किंतु संविधान और उसके सर्वोच्च संवैधानिक पदों की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं हो सकता।लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि हम अपने संवैधानिक संस्थानों का सम्मान करें और उनकी प्रतिष्ठा को बनाए रखें।मौके पर सिद्धो कान्हू के वंसज मंडल मुर्मू,सनातन मुर्मू,कुणाल मंडल,राजकुमार भगत,दुर्गा टुडू,बिष्णु साहा,दिलीप ठाकुर,उदय सोरेन,सनातन हासदा,लखीराम सोरेन,बबलू मराण्डी,जगन मुर्मू,ठाकुर हेम्ब्रम एवम अन्य उपस्थित रहे।

## मुन्ना सिंह की पत्नी चांदनी देवी के बयान पर प्राथमिक की दर्ज की गई

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र महादेवगंज निवासी बाइक दुर्घटना में घायल मुन्ना सिंह की इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में मौत हो गई । 11 फरवरी को मुन्ना को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया था जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। घायल मुन्ना के स्वजनों ने बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएम सीएच में भर्ती करवाया लगातार इलाज चलने के बाद मुन्ना 15 फरवरी को मौत हो गई।मुफस्सिल थाना पुलिस ने 5 मार्च को मृतक मुन्ना सिंह के स्वजनों के दिए गए बयान के आधार पर प्राथमिक दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई ।इस संबंध में थाना प्रभारी अनीश पांडे ने बताया कि मुन्ना सिंह की पत्नी चांदनी देवी के बयान पर प्राथमिक की दर्ज की गई है बाइक एवं चालक की तलाश कर रही हैं जल्द इस मामले पर कार्रवाई की जाएगी। मालूम होगी 11 फरवरी को मुफस्सिल थाना क्षेत्र महादेवगंज निवासी मुन्ना सिंह को बाइक सवार एक युवक ने जोरदार टक्कर मार दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे ।बाइक सवार युवक एवं स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया ।जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। डाक्टर ने बताया था कि सर पर बेहद गंभीर चोट लगी है कान से खून का रिसाव लगातार हो रहा है बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

## नारी का सम्मान जहां है संस्कृति का उत्थान वहां है : करुणा

### उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए पांच महिलाओं को किया गया सम्मानित

**साहिबगंज :** हमारे पौराणिक ग्रंथों में उल्लेख है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता अर्थात नारी का सम्मान ही देवी देवता का पूजन है।कहा गया है कि नारी का सम्मान जहां है संस्कृति का उत्थान वहां है।इसलिए हर घर की नारी पूज्य होती है।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित



एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरीय सदस्य करुणामई भारती ने ये बातें कही।कार्यक्रम की शुरूआत प्रियंका सोनी,सरिता पोद्दार एवं निभा देवी ने सामूहिक मातृ वंदना एवं गुरु वंदना के साथ किया।कार्यक्रम को उषा रानी साहा संगीता कुमारी नीलू दीदी आदि ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर सामाजिक उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच महिलाओं को सम्मानित भी किया गया इनमें उषा रानी साहा सीता देवी कंचन देवी सविता कुमारी नीलू भारती शामिल हैं।सबों को तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर सामूहिक करतल ध्वनि के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मधु कुमारी,संगीता कुमारी, निभा देवी, रेखा देवी, अनीता देवी,कंचन देवी, डॉ राधा मोहन मंडल, शिवशंकर निराला, निरंजन भारती, अभय कुमार,मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## नीर नारी शक्ति के रूप में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

संवाददाता

**साहिबगंज :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर 08 मार्च से 22 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले जल महोत्सवह्व का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण सुरक्षित पेयजल आपूर्ति जल प्रबंधन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस महिला व बाल विकास पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता सभी कनीय अभियंता जिला समन्वयक, प्रखंड समन्वयक, जल सहिया दीदी मुखिया, आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविका सहित जिले के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

महिला दिवस एवं ह्यनीर नारी शक्तिह्व के



संकल्प के तहत पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मुखियाओं व जल सहियाओं को सम्मानित किया गया। उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी तथा कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा उन्हें पानी की बोतल, छाता, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, पौधे का गमला एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जल महोत्सव एक राष्ट्रीय जन-आंदोलन है। जिसका आधार जनभागीदारी व महिलाओं का नेतृत्व है। उन्होंने जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल उपलब्धता और योजनाओं के सफल संचालन और रख-रखाव में समुदाय की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया।विभागीय निदेर्शानुसार 08 मार्च से 22 मार्च 2026 तक चलने वाले इस 15 दिवसीय जल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। 08 मार्च को ह्यनीर नारी शक्तिह्व के रूप में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 09-10 मार्च को जिला तकनीकी इकाई का गठन व जल सेवा आकलन की समीक्षा होगी।11 मार्च को विश्व प्लंबर दिवस पर तकनीकी कर्मियों जैसे प्लंबर, पंप ऑपरेटर एवं सोलर मैकेनिक का सम्मान किया जाएगा। वहीं 12 से 21 मार्च तक आरपीडब्ल्यूएसएस आईडी निर्माण, सुजल ग्राम निर्माण व पंचायत स्तर पर जल उत्सव की तैयारियां की जाएंगी। महोत्सव का समापन 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम के साथ होगा।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित पेयजल सेवाओं को सुदृढ़ करना जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना व योजनाओं के संचालन और रख-रखाव में जन-सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

पति संग पैपराजी को पोज

# दे रही थी अविका, अचानक हुई तबीयत में गड़बड़

**फैंस लगाने लगे खुशखबरी के कयास**



टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस अविका गोर हाल ही में अपने पति मिलिंद चंदवानी के साथ स्पॉट हुईं। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस अचानक असहज महसूस करती नजर आईं। वीडियो सामने आने के बाद फैंस के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कई तो उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने लगे।

### अचानक बिगड़ी तबीयत


वायरल वीडियो में अविका ग्रीन कलर की ड्रेस में बेहद खूबसूरत नजर आईं। वह पैपराजी के सामने पति मिलिंद के साथ पोज दे रही थीं कि इस बीच वह अचानक असहज महसूस करने लगीं और मिलिंद की ओर देखने लगीं। कुछ ही क्षण बाद वह एक तरफ मुड़ीं और उन्हें उल्टी होने लगी। यह देख उनके पति तुरंत उन्हें संभालते नजर आए। इस पूरे पल को वहां मौजूद पैपराजी के कैमरों ने रिकॉर्ड कर लिया, जो अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### सोशल मीडिया पर शुरू हुई अटकलें

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग इसे खुशखबरी से जोड़कर देख रहे हैं और कपल को बधाई दे रहे हैं, जबकि कुछ यूजर्स ने इसे ओवररिएक्शन या ड्रामा तक बता रहे हैं।

# शाहरुख की KING में स्टार्स की फौज

**मूवी में दिखेंगे बॉलीवुड के 70% स्टार्स-चौंका देगा विलेन का नाम**



**रूस को 12 साल बाद पैरालंपिक में मिला पहला पदक, वरवारा वोरोंचिखिना ने जीता कांस्य**

**शाहरुख खान फिल्म पठान और जवान से धमाल मचाने के लिए धमाकेदार मूवी किंग से वापसी कर रहे हैं। किंग से जुड़ी अपडेट्स सामने आती रहती हैं। वहीं, जो ताजा जानकारी सामने आई है, वो बहुत ही जबरदस्त है। मूवी की शूटिंग जारी है और इसके विलेन का भी खुलासा हो गया है। शाहरुख खान एक बार फिर अपनी फिल्म किंग से बॉक्स ऑफिस हिलाने के लिए तैयार हैं। फिल्म से जुड़ी कुछ ताजा जानकारी सामने आई है, जिसे सुनने के बाद फैन्स मूवी को लेकर और ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे हैं।**

आपको बता दें कि हाल ही में शाहरुख खान की फिल्म किंग में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला ने हिंदी रश को दिए इंटरव्यू में कुछ शानदार खुलासे किए। उन्होंने कुछ ऐसी बातें शेयर की, जो चौंकाने वाली तो है, लेकिन उत्साहित करने वाली भी हैं। शाहरुख खान की फिल्म किंग में दीपिका पादुकोण, सुहाना खान, अभय वर्मा, जैकी श्रॉफ, अरशद वारसी, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, राघव जुयाल, जयदीप अहलावत, रानी मुखर्जी सहित अन्य स्टार्स नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान की फिल्म किंग में अभिषेक बच्चन खूंखार विलेन का रोल प्ले करते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि मूवी के क्लाइमैक्स में दोनों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी। खबर तो ये भी है कि स्र्क्र्य इसमें डबल रोल प्ले कर सकते हैं। शाहरुख खान की फिल्म किंग के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद है। बताया जा रहा है कि मूवी इसी साल क्रिसमस के मौके पर 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में धमाका करने रिलीज होगी। बता दें कि ये हाई-वोल्टेज एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसका बजट 200-250 करोड़ के करीब है। शाहरुख खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे आखिरी बार 2023 में आई 3 फिल्में पठान, जवान और डंकी में नजर आए थे। इन तीनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर जलवा दिखाया था। पठान और जवान ने तो 1000 करोड़ से ज्यादा कमाए थे। उनकी अपकमिंग फिल्में किंग के अलावा टाइगर वर्सेस पठान, जवान 2 हैं।

# राज शांडिल्य ने बालाजी टेलीफिल्म्स संग खत्म किया कॉन्ट्रैक्ट

**आरोपों को बताया बेबुनियाद**



**निर्देशक** राज शांडिल्य ने एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स (बालाजी टेलीफिल्म्स) के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया। राज ने ऑफिशियल बयान में अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया। राज शांडिल्य ने जारी ऑफिशियल बयान में स्पष्ट करते हुए बताया कि कॉन्ट्रैक्ट के अधिकारों के अनुसार टर्मिनेशन नोटिस जारी किया गया था, जिसे दो हफ्ते से ज्यादा समय बीत चुका है। राज शांडिल्य ने कहा, 'मैंने अपने कॉन्ट्रैक्ट के अधिकारों के अनुसार बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने का नोटिस जारी किया था। टर्मिनेशन नोटिस जारी हुए अब दो हफ्ते से ज्यादा हो गए हैं। अगर बालाजी को लगता था कि उनके पास टर्मिनेशन को चुनौती देने का कोई ठोस कानूनी आधार है, तो वे सिविल कोर्ट जा सकते थे, लेकिन ऐसी कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बजाय अब बेबुनियाद क्रिमिनल आरोप लगाने की कोशिश की जा रही है। राज का कहना है कि ये आरोप पूरी तरह निराधार हैं और टर्मिनेशन को चुनौती देने के बजाय डराने-धमकाने की कोशिश लगती हैं। उन्होंने अपनी लीगल पोजीशन पर भरोसा जताया और कहा कि वे ऐसे किसी भी इल्जाम को सही कानूनी प्रक्रिया के जरिए देखेंगे।

# हॉलीवुड में काम करना चाहती हैं ऋचा चड्ढा



- **पति के काम से खुश होकर कहा- 'मैं अली के नक्शेकदम पर चलना चाहूंगी'**

**एक्ट्रेस** ऋचा चड्ढा ने हाल ही में अपने ड्रीम वर्क को लेकर खुलकर बातचीत की और खुलासा किया कि वे अपनी कला को बस बॉलीवुड तक सीमित नहीं रखना चाहती। एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने साल 2008 में बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी और करीब दो दशकों में उन्होंने अपने अलग और दमदार किरदारों से इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई है। अब 39 साल की ऋचा अपने करियर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रही हैं और हॉलीवुड में भी मजबूत पहचान बनाना चाहती हैं।

### पति के नक्शे-कदम पर चलना चाहती हैं ऋचा

ऋचा कहती हैं कि वे अपने पति और एक्टर अली फजल के नक्शे-कदम पर चलना चाहती हैं, जिन्होंने हॉलीवुड और इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। अली फजल 'फ्यूरियस' 7 (2015), विक्टोरिया एंड अब्दुल (2017), डेथ ऑन द नील (2022) और कंधार (2023) जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। ऋचा ने कहा, 'मैं भी अली के रास्ते पर चलना चाहती हूं और वेस्ट में कुछ अच्छा काम करना चाहती हूं। भला कौन ऐसा नहीं चाहता? अली ने जिस तरह भारत और विदेश दोनों जगहों पर काम को संभाला है, वह वाकई कमाल का है। उन्हें

# घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बनना बेहद खासः जसप्रीत बुमराह

एजेंसी

**अहमदाबाद :** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बनना उनके लिए बेहद खास पल है, खासकर इसलिए क्योंकि यह जीत उनके घरेलू मैदान पर मिली। भारत ने न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में भारत की सबसे बड़ी जीत भी रही। यह मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला गया, वही मैदान जहां भारत को आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। बुमराह ने मैच के बाद कहा,ह्लयह बेहद खास महसूस हो



रहा है क्योंकि मैंने अपने घरेलू मैदान पर पहले भी एक फाइनल खेला था, लेकिन तब हम जीत नहीं सके थे। आज यहां जीत हासिल करना बहुत खास है।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 255 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर सिमट गई।

बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने ओवरों में 15 रन देकर 4 विकेट लेकर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया।

उन्होंने कहा, मुझे पता था कि पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल है, इसलिए मुझे अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करना था। इस टूनामेंट से पहले मुझे लग रहा था कि मैं जरूरत से ज्यादा कोशिश कर रहा हूं। लेकिन इस बार मैंने खेल को अपने पास आने दिया और यह रणनीति कारगर रही।ह्व

बुमराह ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की भी सराहना की और कहा कि पूरी टीम ने दबाव की स्थिति में भी धैर्य बनाए रखा।

उन्होंने कहा,जब भी हम चर्चा करते हैं तो सभी खिलाड़ी विकल्प लेकर आते हैं। हमने कभी घबराहट नहीं दिखाई और संयम बनाए रखा। जो टीमें ऐसा करती हैं, वही टूनामेंट जीतती हैं और मुझे खुशी है कि हमने भी ऐसा किया। बुमराह ने कहा कि विश्व कप फाइनल में अपने घरेलू मैदान पर प्लेयर ऑफ द मैच बनना उनके करियर के सबसे यादगार पलों में से एक रहेगा।

# टी20 विश्व कप जीत के बाद सूर्यकुमार बोले- बीसीसीआई ने मुझ पर भरोसा किया, इसके लिए आभारी हूं

एजेंसी

**अहमदाबाद :** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 2024 विश्व कप के बाद बोर्ड ने उन पर भरोसा जताते हुए कप्तानी सौंपी और उसी भरोसे की बदौलत टीम यह बड़ी सफलता हासिल कर पाई। ट्रॉफी प्रस्तुति समारोह के दौरान सूर्यकुमार यादव ने कहा, ह्लयह एक लंबा सफर रहा है। 2024 विश्व कप के बाद उस समय बीसीसीआई, जय शाह, रोहित शर्मा और सभी ने मुझ पर भरोसा जताया और इस शानदार टीम की कप्तानी का मौका दिया।

उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में टीम लगातार अच्छा



क्रिकेट खेल रही थी और उसी लय को बनाए रखना ही लक्ष्य था।

### सैमसन, अभिषेक और वरुण की तारीफ

सूर्यकुमार यादव ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती के प्रदर्शन को टीम की सफलता का बड़ा कारण बताया। कप्तान ने कहा,ह्लयह समझना बहुत जरूरी था कि ये खिलाड़ी क्या कर सकते हैं। मुझे पता था कि इनमें मैच जिताने की क्षमता है। संजू के टीम में आने का समय बिल्कुल सही था। वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा विश्व स्तर के खिलाड़ी हैं और हमें हमेशा पता था कि वे कुछ खास कर सकते हैं।

### जसप्रीत बुमराह को बताया राष्ट्रीय खजाना

फाइनल मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करने वाले जसप्रीत बुमराह की भी सूर्यकुमार यादव ने जमकर प्रशंसा की। बुमराह ने अपने घरेलू मैदान पर 4 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।

**सूर्यकुमार यादव ने कहा,**

वह पीढ़ी में एक बार आने वाले गेंदबाज हैं। अभी मैं उन्हें देश का खजाना कह सकता हूं। उन्हें पता है कि क्या करना है और कैसे करना है। वह इस खेल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। भारतीय कप्तान ने उम्मीद जताई कि टीम आगे भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन करती रहेगी और आने वाले वर्षों में भी नई उपलब्धियां हासिल करेगी।

# विश्व कप से पहले टूट चुके थे संजू सैमसन, सचिन तेंदुलकर की सलाह से लौटा आत्मविश्वास

एजेंसी

**अहमदाबाद :** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन के लिए साल 2026 किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं रहा। इस सफर में निराशा भी थी और शानदार वापसी भी। आखिरकार उन्होंने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में दमदार प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

जनवरी 2026 में तिरुवनंतपुरम में घरेलू दर्शकों के सामने सैमसन को बड़ा झटका लगा, जब ओपनर-विकेटकीपर की जगह ईशान किशन को विश्व कप टीम में प्राथमिकता दी गई।

2025 की शुरूआत से ही सैमसन खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। बीच में टीम प्रबंधन ने उन्हें मिडिल ऑर्डर में भी भेजा ताकि शुभमन गिल को ऊपर मौका दिया जा सके। बाद में उन्हें फिर ओपनिंग पर लौटाया गया, लेकिन रन



नहीं बने और अंततः किशन ने उनकी जगह ले ली। सैमसन ने टी 20 विश्व कप जीत के बाद कहा,ह्लन्यूजीलैंड सीरीज के बाद मैं पूरी तरह टूट चुका था। मुझे लगा कि मेरा सपना खत्म हो गया है और अब मैं क्या कर सकता हूं। विश्व कप की शुरूआत में सैमसन टीम से बाहर थे और बेंच पर बैठे थे। बाद में जब अभिषेक शर्मा बीमार पड़े तो उन्हें एक मैच खेलने का मौका मिला। जब भारतीय टॉप-ऑर्डर ऑफ स्पिन के खिलाफ संघर्ष करने लगा तो टीम ने फिर सैमसन को मौका दिया और यहीं से उनकी शानदार वापसी शुरू हुई। जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों में 24 रन बनाकर सैमसन ने संकेत दे दिए थे कि उनका आत्मविश्वास लौट रहा है। लेकिन असली धमाका ईडन गार्डन्स, कोलकाता में देखने को मिला, जहां उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्चुअल नॉकआउट मुकाबले में 50 गेंदों पर 97 रन ठोक दिए। इसके बाद उनका बल्ला लगातार चलता रहा। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने क्रमशः 42 गेंदों पर 89 और 46 गेंदों पर 89 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

सैमसन ने खुलासा किया कि पिछले कुछ महीनों से वह क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के लगातार संपर्क में थे। उन्होंने कहा,ह्लपिछले कुछ महीनों से मैं सचिन सर के लगातार संपर्क में हूं। जब मैं ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान टीम से बाहर बैठा था, तब मैंने सोचा कि अब किस मानसिकता की जरूरत है। इसलिए मैंने उनसे संपर्क किया और उनसे लंबी बातचीत हुई।ह्व

उन्होंने आगे बताया कि फाइनल से एक दिन पहले भी सचिन तेंदुलकर ने उन्हें फोन कर उनका हालचाल पूछा।

सैमसन 2024 में भी टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था।

उन्होंने कहा,ह्लउस समय से ही मैं इस पल की कल्पना करता था। मैं लगातार मेहनत करता रहा और यही करना चाहता था। शायद भगवान की यही योजना थी कि मुझे अहम मैचों में मौका मिले और मैं देश के लिए अपना योगदान दे सकूं।

सैमसन ने कहा कि विश्व कप जीतना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है और इस पल को शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

## टी20 विश्व कप जीत के बाद सूर्यकुमार यादव का अगला लक्ष्य ओलंपिक स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली :** टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद अब अपना अगला बड़ा लक्ष्य तय कर लिया है। उन्होंने कहा कि टीम का अगला लक्ष्य ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना और उसी साल होने वाला अगला टी20 विश्व कप जीतना है। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताबी जीत के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्या ने कहा,ह्लअब हमारा अगला लक्ष्य ओलंपिक है। ओलंपिक गोल्ड और उसी साल होने वाला टी20 विश्व कप भी। इसे भूलिए मत। बता दें कि 2028 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक अगस्त 2028 में लॉस एंजेलिस में आयोजित होंगे। वहीं टी20 विश्व कप का अगला संस्करण उसी साल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव के इस बयान से उनके भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। इससे पहले रोहित शर्मा ने 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि विश्व कप जीत का एहसास अभी पूरी तरह से महसूस नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, ह्लअभी हम मैच से बाहर आए हैं, इसलिए इस जीत को पूरी तरह महसूस करने में थोड़ा समय लगेगा। जब हम घर जाएंगे और अगले दिन उठेंगे, तब शायद इस जीत का असली एहसास होगा। पिछले दो साल का सफर अविश्वसनीय रहा है। भारत ने टूनार्मेंट में खेले गए नौ में से आठ मैच जीते। हालांकि शुरूआत आसान नहीं रही। टीम को पहले मैच में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और सुपर-8 चरण में दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान ने कहा कि चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच के बाद टीम ने अलग अंदाज का क्रिकेट खेलना शुरू किया और आत्मविश्वास बढ़ता गया। सूर्यकुमार यादव ने बताया कि 2024 के टी20 विश्व कप फाइनल में लिया गया उनका यादगार कैच उनके जीवन का टर्निंग प्वाइंट बना। उसी के बाद जब उन्हें कप्तानी मिली तो उन्होंने 2026 में भारत में होने वाले विश्व कप को लक्ष्य बनाकर टीम को तैयार करना शुरू किया।

# पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर, कच्चे तेल कीमतों में उबाल, 119 डॉलर तक पहुंचा ब्रेंट क्रूड

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव का असर अब कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के भाव में आए उछाल के रूप में साफ-साफ नजर आने लगा है। इस तनाव के शुरू होने के बाद से ही स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के रास्ते कच्चे तेल की सप्लाई ठप हो जाने तथा कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती कर देने की वजह से इसके भाव आसमान पर पहुंच गए हैं।अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिलहाल क्रूड ऑयल 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया है। पिछले सात दिन के दौरान क्रूड के भाव में 55 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण ब्रेंट क्रूड 115 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया है, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 113 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के ऊपर पहुंचा हुआ है। आज ब्रेंट क्रूड ने 107.92 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरूआत की और थोड़ी ही देर में उछल कर 119.14 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद इसकी कीमत में मामूली गिरावट का रुख भी बना। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 11 बजे ब्रेंट क्रूड 22.88 डॉलर प्रति बैरल यानी 24.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 115.57 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा था।

इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने आज 107.81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरूआत की और थोड़ी ही देर में उछल कर 119.48 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि बाद में इसके भाव में गिरावट भी आई, जिसके कारण भारतीय समय के अनुसार सुबह 11 बजे वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 22.75 डॉलर प्रति बैरल यानी 25.02 प्रतिशत की उछाल के साथ 113.65 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा था। हाजिर सौदों के अलावा ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 22 प्रतिशत उछल कर 115 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार



कर रहा है, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर्स 27 प्रतिशत की विशाल के साथ 115.21 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

दरअसल पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने के बाद ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपेक प्लस) में शामिल इराक ने अपने तीन बड़े दक्षिणी ऑयल फील्ड्स से होने वाले प्रोडक्शन में लगभग 70 प्रतिशत की कटौती कर दी है। इस कटौती के बाद इन तीनों ऑयल फील्ड्स से रोजाना 43 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन होने की जगह अब सिर्फ 13 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन किया जा रहा है। इसी तरह कुवैत ने भी कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती करने का ऐलान किया है। हालांकि कुवैत द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कितनी कटौती की जाएगी, इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है।

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी की एक बड़ी वजह ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगातार हो रहे हमले भी हैं। अमेरिका और इजराइल ने जहां ईरान के तेल ठिकानों को निशाना बनाया है, वहीं ईरान भी पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगी देश के ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बना रहा है। अमेरिका और इजराइली सेना ने तेहरान में ऑयल डिपो, ऑयल स्टोरेज टैंकर्स और पेट्रोलियम ट्रांसफर टर्मिनल को अपना निशाना बनाया। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और बहरीन के तेल ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए।

ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला होने की वजह से भी मिडिल ईस्ट के तेल उत्पादक देशों पर दबाव बढ़ गया है, जिसका असर कच्चे तेल की कीमत मे आए उछाल के रूप में नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि पश्चिम एशिया के सैन्य तनाव की वजह से कच्चे तेल की आपूर्ति लंबे समय तक प्रभावित रह सकती है। ऐसा होने पर तेल के आयात पर निर्भर करने वाले भारत जैसे कई एशियाई देशों पर असर पड़ने लगा है। भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदता है। इसी तरह जापान भी अपनी पेट्रोलियम की जरूरत को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर करता है। इसमें भी 90 प्रतिशत कच्चा तेल वो मिडिल ईस्ट के देशों से ही खरीदता है। इसके अलावा चीन ने भी पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत को नियंत्रित रखने के लिए कच्चे तेल के निर्यात को कम कर दिया है।

जहां तक भारत की बात है, तो कच्चे तेल की कीमत के 110 डॉलर से ऊपर चले जाने के कारण देश के इंपोर्ट बिल में जबरदस्त इजाफा होने की आशंका बन गई है। इसी तरह देश की ऑयल इकोनॉमी पर भी नकारात्मक असर पड़ने लगा है। हालांकि भारत सरकार के दावे के मुताबिक देश में पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार है, लेकिन अगर कच्चे तेल की कीमत पर जल्दी ही लगाम नहीं लगा, तो भारत में भी पेट्रोल, डीजल और दूसरे पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत में इजाफा हो सकता है। इसके साथ ही महंगे क्रूड को खरीदने के कारण भारत को तुलनात्मक तौर पर अधिक डॉलर खर्च करना पड़ेगा, जिससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी असर पड़ेगा और राजकोषीय घाटे पर भी दबाव पढ़ने की आशंका बनेगी।

## मुख्यमंत्री साय आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रविवार को राजधानी रायपुर में कई अहम कार्यक्रमों में शामिल होंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 9:50 बजे सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास से प्रस्थान करेंगे और सुबह 10:00 बजे वीआईपी रोड स्थित भारत सेवा आश्रम पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 12:10 बजे से 1:20 बजे तक वे सीआईआई छत्तीसगढ़ एनुअल बैठक 2026 में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री दोपहर 1:40 बजे नवा रायपुर स्थित विधानसभा के लिए रवाना होंगे और दोपहर 1:45 बजे से शाम 6:00 बजे तक विधानसभा सत्र में हिस्सा लेंगे।

## समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण करे प्रशासन : मुख्यमंत्री

- सीएम ने दी बच्चों को सीख- किताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग न करो

एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर ह्यजनता दर्शनह्ल किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए पीड़ितों के पास मुख्यमंत्री स्वयं चलकर पहुंचे। उनका प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि सरकार सभी की उचित समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्याओं का निस्तारण होगा। मुख्यमंत्री ने



जनपदों के प्रशासनिक व पुलिस अफसरों को निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समय सीमा के अंदर सुनिश्चित किया जाए।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) व जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। उद्यमियों की परेशानी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कासगंज से आए पीड़ित ने मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस से जुड़ी शिकायत रखी। पीड़ित ने अपने प्रकरण में कार्रवाई पर देरी की शिकायत की। इस पर योगी ने पुलिस अधीक्षक को मामले का संज्ञान लेते हुए समस्या के समयबद्ध निराकरण का निर्देश दिया। वहीं एक प्रकरण पारिवारिक विवाद से भी जुड़ा आया। अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायत पर सीएम सख्त हुए, उन्होंने कहा कि ऐसे मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने पीड़ित को आश्वस्त किया कि नियमानुसार तत्काल कार्रवाई होगी। जनता दर्शनह्ल में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री योगी ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। एक बच्चे के पास पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबें पढ़ो। सोशल मीडिया का प्रयोग उतना ही करो, जितनी आवश्यकता है। इसका अत्यधिक प्रयोग घातक है। मुख्यमंत्री ने मोबाइल आदि का प्रयोग भी कम करने की सलाह दी।

## मध्य प्रदेश में मार्च में ही गर्मी ने दिखाए तेवर, पारा सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा, रतलाम सबसे गर्म

- मार्च में पिछले साल की तुलना में ज्यादा गर्मी

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में इस साल मार्च की शुरूआत से ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। महीने के पहले ही सप्ताह में अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया है। मालवा-निमाड़ क्षेत्र, यानी इंदौर और उज्जैन संभाग के कई शहरों में तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है और अगले 4 से 5 दिनों तक मौसम का यही रुख रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 9 मार्च से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसका असर आगे के मौसम पर पड़ सकता है। बीते रविवार को रंगपंचमी के दिन रतलाम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में भी दिनभर तेज धूप और गर्मी का असर देखने को मिला।

रविवार को प्रदेश के लगभग सभी शहरों में गर्मी का असर रहा। प्रमुख शहरों में उज्जैन का तापमान सबसे ज्यादा 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद ग्वालियर में 36.5 डिग्री, इंदौर में 35.8 डिग्री, भोपाल में 34.8 डिग्री और जबलपुर में 34.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। अन्य शहरों की बात करें तो रतलाम में पारा 39 डिग्री तक पहुंच गया। नर्मदापुरम में 38.1 डिग्री, गुना और सागर में 37.4 डिग्री तथा श्योपुर में 37 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। प्रदेश के बाकी शहरों में भी तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही रहा। मौसम विभाग के मुताबिक इस बार मार्च में पिछले साल की तुलना में ज्यादा गर्मी महसूस की जा रही है।

## कार से 6.47 ग्राम हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच शिमला पुलिस लगातार तस्करों पर कार्रवाई कर रही है। राजधानी शिमला में चिट्टा (हेरोइन) की तस्करी रोकने के लिए पुलिस की टीमें रात के समय भी गश्त और निगरानी बढ़ा रही हैं। इसी अभियान के तहत पुलिस ने देर रात एक कार से चिट्टा बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च की रात करीब 3 बजे स्पेशल सेल शिमला के प्रभारी इंस्पेक्टर आशीष कौशल अपनी टीम के साथ शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में गश्त और नशा रोकथाम अभियान पर थे। पुलिस टीम ओल्ड बस स्टैंड, विक्ट्री टनल और तारादेवी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान करीब 3 :05 बजे टुटीकंडी क्रॉसिंग के पास इंस्पेक्टर को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक दूसरे राज्य से चिट्टा लेकर शिमला की ओर आ रहे हैं। सूचना में बताया गया कि दीपु निवासी घोड़ा चौकी और करण सिंह निवासी चक्कर एक स्विफ्ट कार (नंबर ल्ढ6633-8457) में चिट्टा लेकर शहर में पहुंचने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत टुटीकंडी क्रॉसिंग पर नाकाबंदी कर दी और आने-जाने वाले वाहनों की जांच शुरू कर दी।

## शिमला : मंत्री आवास के पास पावर स्टेशन से तांबे की तार चोरी, तीन गिरफ्तार

एजेंसी

**शिमला :** राजधानी शिमला में मंत्री आवास और लोक भवन के पास स्थित बिजली विभाग के पावर स्टेशन से तांबे की तार चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी बिहार के मूल निवासी हैं और शिमला में रह रहे थे। आरोपियों ने पहले इलाके की रेकी की और फिर आधी रात को तार काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने सोमवार को ये जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक एक मार्च को बिजली विभाग की ओर से छोटा शिमला थाना में एक शिकायत दी गई थी। शिकायत में बताया गया था कि लोक भवन और मंत्री आवास के नजदीक स्थित उनके एक पावर स्टेशन से तांबे की तारें चोरी हो गई हैं। इस सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305 अंतर्गत केस दर्ज किया और जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया।

जांच के दौरान पुलिस ने मामले के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए शहर के अलग-अलग इलाकों में कबाड़ की दुकानों और कबाड़ का काम करने वाले लोगों से पूछताछ की। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने संदेह के आधार पर रंजीत उर्फ डैनी से पूछताछ की, जो मूल रूप से बिहार के दरभंगा जिले का रहने वाला है और फिलहाल शिमला के खलीनी इलाके में रह रहा था।

पुलिस के मुताबिक शुरूआत में आरोपी पुलिस को लगातार गुमराह करता रहा और गलत जानकारी देता रहा। इसके बावजूद पुलिस ने जांच जारी रखी और धीरे-धीरे उसके खिलाफ सबूत जुटाए। जांच के दौरान जब पुलिस ने आरोपी की गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें से चोरी की गई तांबे की तारें बरामद हुईं। पुख्ता सबूत मिलने के बाद पुलिस ने 6 मार्च को उसे गिरफ्तार कर लिया और उससे गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि इस चोरी में उसके साथ दो अन्य लोग भी शामिल थे। उनकी पहचान सोनू सहानी (29 वर्ष) पुत्र नरेश साहनी निवासी गांव मुस्तफापुर, तहसील हनुमान नगर, जिला दरभंगा (बिहार) और अजय सहानी उर्फ लनटुन (25 वर्ष) पुत्र उदगार साहनी निवासी गांव मुस्तफापुर, तहसील हनुमान नगर, जिला दरभंगा (बिहार), जो फिलहाल शिमला में रह रहा था, के रूप में हुई।

**इंदौर में आज पारंपरिक गेर में मिसाइलों से उड़ेगा रंग**

# सराफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सांकेतिक गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई मामूली गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,63,640 रुपये से लेकर 1,63,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,49,990 रुपये से लेकर 1,50,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं दिल्ली सराफा बाजार में चांदी आज 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,63,790 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक




राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,63,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,49,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,63,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,63,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,49,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,63,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,49,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,63,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,63,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,50,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,63,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,63,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में सांकेतिक गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,63,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,49,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में कोहराम, सेंसेक्स और निफ्टी में जोरदार गिरावट

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया संकट की वजह से दुनिया भर के शेयर बाजार में मचे कोहराम का असर आज घरेलू शेयर बाजार पर भी साफ-साफ नजर आ रहा है। भारतीय शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान जबरदस्त गिरावट का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही पहले दो मिनट में ही लिवाली के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी का रुख बनता हुआ नजर आया, लेकिन इसके तुरंत बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये दोनों सूचकांक बड़ी गिरावट के शिकार हो गए। हालांकि खरीदार बीच-बीच में लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश करते रहे, लेकिन अभी तक के कारोबार में बिकवाली का दबाव इतना अधिक है।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## सेल्समैन की पीट-पीटकर हत्या करने वाला आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**कानपुर :** उप्र के कानपुर में बिधनू थाना क्षेत्र अंतर्गत देशी शराब ठेके के सेल्समैन की पीट-पीटकर हत्या के मामले में कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार देर रात एक आरोपित को पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसका इलाज पुलिस अभिरक्षा में चल रहा है। उसके दो अन्य फरार साथियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि बीती 25 फरवरी को भवानीपुर गांव में देशी शराब के ठेके पर सेल्समैन उदय सिंह की मारपीट के दौरान मौत हो गई थी। घटना के संबंध में थाना बिधनू में मुकदमा दर्ज कर एसीपी घाटमपुर कृष्णकांत यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। रविवार को मुखबिर और सर्विलांस के माध्यम से सूचना मिली कि घटना में शामिल एक बदमाश सचेण्डी मार्ग की ओर जा रहा है। इस पर पुलिस ने चेकिंग लगाकर आरोपित को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान उसने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपित के पैर में लग गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। डीसीपी ने बताया कि आरोपित की पहचान फतेहपुर जिले के रहने वाले छोटू उर्फ चांद उर्फ निसार के रूप में हुई है। शातिर पर पहले से ही लूट और चोरी के करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। मारपीट की घटना में शामिल उसके दो अन्य साथियों की तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

## ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट सत्र शुरू

**गैरसैंण :** उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया। आज सुबह 11 बजे सत्र का शुभारम्भ सदन में श्वन्दे मातरम्श् के गायन से किया गया। सदन में सोमवार को जैसे ही लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अपना अभिभाषण पढ़ना शुरू किया, सदन का माहौल गरमा गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सत्र का संचालन संसदीय परंपराओं के तहत करने की मांग उठाई। इस दौरान कांग्रेस विधायक वेल में पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। नारेबाजी के बीच राज्यपाल अपना अभिभाषण पढ़ते रहे। कुछ समय बाद विपक्षी सदस्यों ने विरोध स्वरूप राज्यपाल के अभिभाषण का बहिष्कार करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। सत्र में धामी सरकार दोपहर तीन बजे आगामी वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेगी। कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिश के अनुसार, सत्र के अगले दिन मंगलवार (10 मार्च) को अध्यादेशों का सदन में पटल पर रखा जाना, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा और विधायी कार्य किए जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सोमवार को विधानसभा मंडप के बाहर कानून व्यवस्था समेत विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं, महिलाओं की सुरक्षा, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है और सरकार इन समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। धरने के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने मांग की कि सरकार तत्काल प्रभाव से कानून व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए, पुलिस तंत्र को मजबूत किया जाए और जनहित से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल सहित अन्य विधायकगण भी मौजूद रहे।

## सोपोर के कई इलाकों में तेंदुए के दिखने से दहशत फैली

**सोपोर :** उत्तरी कश्मीर के सोपोर के कई इलाकों में दहशत फैल गई है क्योंकि पिछले चार दिनों से बोहरीपोरा, सीलो, शंगरगुंड, ब्राथ कलां और नौपोरा समेत कई इलाकों में एक तेंदुआ घूमता देखा गया है। अधिकारियों के अनुसार जंगली जानवर को सबसे पहले बोहरीपोरा इलाके में देखा गया था जहां उसने वन्यजीव विभाग के एक कर्मचारी समेत तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद आसपास के इलाकों के निवासियों में डर फैल गया क्योंकि तेंदुआ लगातार अलग-अलग इलाकों में घूम रहा था। स्थानीय लोगों ने सीलो, शंगरगुंड, ब्राथ कलां और नौपोरा में जानवर को देखे जाने की सूचना दी जिससे जनता में चिंता बढ़ गई। वन्यजीव विभाग और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे और तेंदुए का पता लगाने और उसे पकड़ने के प्रयास शुरू किए। जानवर की गतिविधियों पर नजर रखने और आगे के हमलों को रोकने के लिए टीमें तैनात की गई हैं। अधिकारियों ने इन इलाकों के निवासियों को सतर्क रहने, खासकर रात के समय और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी है। लोगों से बच्चों को घर के अंदर रखने और तेंदुए के दिखने पर तुरंत संबंधित विभाग को सूचना देने का आग्रह किया गया है। प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों ने अधिकारियों और वन्यजीव संरक्षण विभाग से आगे की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल उपाय करने की अपील की है। उन्होंने अधिकारियों से तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए इलाके में पिंजरे लगाने और निगरानी दल तैनात करने का आग्रह किया। निवासियों ने जोर दिया कि स्थानीय आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई आवश्यक है, खासकर रात के समय जब इलाके में डर और दहशत का माहौल बना रहता है। इस बीच अधिकारियों ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जानवरों का पता लगाने और निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं।

## प्रदर्शनों के चलते कश्मीर में एक सप्ताह तक बंद रहे शिक्षण संस्थान खुले

**श्रीनगर :** अमेरिका-इजराइल के हवाई हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के विरोध में हुए प्रदर्शनों के चलते कश्मीर में एक सप्ताह तक बंद रहे शिक्षण संस्थान सोमवार को खुल गए। एक अधिकारी ने बताया कि स्कूल और अन्य उच्च शिक्षण संस्थान आज से फिर से काम शुरू कर रहे हैं। सोमवार सुबह स्कूल यूनिफॉर्म पहने विभिन्न आयु वर्ग के छात्र अपने-अपने संस्थानों की ओर रवाना हुए। 28 फरवरी को खामेनेई की हत्या के बाद घाटी में हुए प्रदर्शनों के चलते पिछले सोमवार से स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय एक सप्ताह के लिए बंद कर दिए गए थे। शीतकालीन अवकाश के बाद माध्यमिक स्कूल और उच्च शिक्षण संस्थान 23 फरवरी को खुल गए थे जबकि मध्य और प्राथमिक स्कूलों को 2 मार्च को खुलना था लेकिन प्रदर्शनों के कारण इसमें देरी हुई।

## छत्तीसगढ़ में पिछले साल 982 बच्चे लापता ,582 बरामद

**रायपुर :** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'मिसिंग चिल्ड्रन' रिपोर्ट के अनुसार, 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच छत्तीसगढ़ से 982 बच्चे लापता हुए। इनमें से 582 को बरामद कर लिया गया है, जबकि 400 अभी भी लापता हैं। इस मामले में छत्तीसगढ़ देश में छठे स्थान पर है, जहां 14 से 17 वर्ष की लड़कियां सबसे अधिक प्रभावित हैं। आठ मार्च 2026 को जारी 'मिसिंग चिल्ड्रन' रिपोर्ट के अनुसार, इन आंकड़ों के साथ छत्तीसगढ़ देश में लापता बच्चों के मामलों में छठे स्थान पर है। पिछले पांच वर्षों से राज्य लगातार टॉप-10 राज्यों में बना हुआ है। आंकड़ों के विश्लेषण से यह भी सामने आया है कि 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के किशोर सबसे अधिक प्रभावित हैं। इस आयु वर्ग में लड़कियों की संख्या लड़कों की तुलना में अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि मानव तस्करी, बाल श्रम, पारिवारिक विवाद या घर से भागने जैसी कई वजहें बच्चों के लापता होने के पीछे हो सकती हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस के अनुसार, आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत विशेष सफलता हासिल की गई है ।राज्य पुलिस की टीमें बच्चों की खोज में 18 से अधिक राज्यों (जैसे महाराष्ट्र, तेलंगाना, यूपी, और दिल्ली) तक पहुंची ।अकेले जांजगीर-चांपा जिले से सबसे अधिक (76) बच्चे बरामद किए गए, इसके बाद रायपुर (56) और बिलासपुर (52) का स्थान रहा। लापता होने के प्रमुख कारणों में पारिवारिक विवाद, गरीबी, और सोशल मीडिया के माध्यम से गुमराह होना पाया गया है। 'मिसिंग चिल्ड्रन' रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में पश्चिम बंगाल इस मामले में पहले स्थान पर है, जहां इस अवधि में 19,145 बच्चे लापता हुए। इनमें से 15,465 बच्चों को खोज लिया गया, लेकिन 3,680 बच्चे अब भी लापता हैं। वहीं मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर है, जहां 4,256 बच्चे लापता हुए और इनमें से 1,059 बच्चों का अब तक पता नहीं चल पाया है। नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, गुजरात, लक्षद्वीप और दादरा और नगर हवेलीमें इस अवधि के दौरान बच्चों के लापता होने की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई।

न्यूज IN ब्रीफ

## टाटा कटिहार स्पेशल ट्रेन लेट खुलने से स्टेशन पर अफरातफरी

**जमशेदपुर :** टाटानगर कटिहार होली स्पेशल ट्रेन सोमवार को निर्धारित समय से करीब 2 घंटे लेट खुली। इससे प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों में अफरातफरी का माहौल था। बताया जाता है कि ट्रेन को 3 रवाना करने का आदेश चक्रधरपुर रेल मंडल से हुआ है। यात्रियों ने कहा कि दिल्ली मुंबई और बिहार की ट्रेन लेट से आती है। टाटानगर से खुलने वाली ट्रेनों को भी रेलवे लेट से रवाना करता है। जिससे यात्री परेशान होते हैं।

## जेएनएसी के नक्शा उल्लंघन मामले की सुनवाई टली

**जमशेदपुर :** झारखंड हाईकोर्ट में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति क्षेत्र में नक्शा उल्लंघन और अवैध निर्माण से जुड़े मामले की सुनवाई फिलहाल टल गई है। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले को चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया, जिससे जेएनएसी की कार्रवाई पर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है।मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस एम. एस. सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट पहले ही जेएनएसी की कार्रवाई पर रोक लगा चुका है और चार सप्ताह का समय दिया गया था।सोमवार को विस्तृत सुनवाई होनी थी, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए अदालत ने सुनवाई को आगे बढ़ा दिया।

इस फैसले के बाद फिलहाल संबंधित भवनों पर किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं होगी। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

## जुगसलाई से भागे युवक-युवती ने एसपी के समक्ष किया सरेंडर

**जमशेदपुर :** जुगसलाई से बीते 25 फरवरी को भागे जाहिद हुसैन और निखद गुल ने सोमवार को सिटी एसपी के समक्ष सरेंडर कर दिया। सिटी एसपी ने दोनों को जुगसलाई थाना भेज दिया जहां पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। इसके पूर्व दोनों ने एक वीडियो जारी कर प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई थी। निखद गुल ने बताया कि वह जाहिद से प्रेम करती है और अपनी मर्जी से भागी है। दोनों ने मुस्लिम रीति रिवाज से शादी कर ली है। निखद ने कहा कि इसे अपने परिजनों से खतरा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्टील, जनशताब्दी और गीतांजलि एक्सप्रेस में मिले बेटिकट यात्री

**जमशेदपुर :** टाटानगर की हावड़ा स्टील एक्सप्रेस, मुंबई गीतांजलि एक्सप्रेस व बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस समेत दर्जनभर ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाकर रेलकर्मियों एवं आरपीएफ जवानों की टीम ने खड़गपुर स्टेशन पर रेलवे प्रावधान के खिलाफ यात्रा करने में 235 लोगों को पकड़ा और एक लाख 22 हजार से ज्यादा जुमार्ना वसूला है। इससे पूर्व चक्रधरपुर रेल मंडल के आदेश पर टाटानगर समेत अन्य स्टेशनों पर कर्मचारियों ने विशेष टिकट जांच अभियान चला कर 603 यात्रियों से सवा 4 लाख से ज्यादा जुमार्ना वसूला था। रेलवे के अनुसार यात्रियों को सही टिकट पर यात्रा के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जाता है।

## गौरी शंकर रोड गुरुद्वारा में महिलाओं को सम्मानित

**जमशेदपुर :** गौरी शंकर रोड गुरुद्वारा मे आयोजित भव्य धार्मिक समागम में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में जुगसलाई नगर परिषद में चुने गए वार्ड पार्षद नेहा सिंह प्रवीन शेट्टी सुरेंद्र कौर रेखी एवं समाज हित में गुरुद्वारा कमेटी के अनुरोध पर मेयर प्रत्याशी बलबीर कौर द्वारा मेयर चुनाव से अपने आप को अलग कर लेने पर उनका आभार व्यक्त किया गया साथ ही उन्हें भी स्त्रोपा भेंट कर सम्मानित किया सिख स्त्री सत्संग सभा की प्रधान इंद्रजीत कौर एवं अन्य सदस्यों द्वारा अलग से शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में वरिष्ठ समाजसेवी सरदार शैलेंद्र सिंह ने विस्तार से चुनाव संबंधी जानकारी दी और सभी वार्ड पार्षद को भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष हरजीत सिंह, लाडी अमरजीत सिंह गांधी, स्वर्ण सिंह, शूरवीर सिंह सदाना, महासचिव हरमीत सिंह ने किया।

## बस्ताकोला में सिलेंडर फटने से व्यवसायी के घर में लगी आग, भाई झुलसा

**झरिया :** धनबाद मुख्य मार्ग पर बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू स्टेशन के समीप रविवार को व्यवसायी महेश अग्रवाल के घर मे भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर से ही काला धुआं के गुबार दिखाई पड़ रहा था। आसपास के काफी संख्या में लोग जुट गए। सूचना मिलते ही माइंस रेस्क्यू स्टेशन की टीम घटनास्थल पर पहुंची और तेजी से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। इसके तुरंत बाद झरिया फायर ब्रिगेड की टीम व धनबाद फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर 9 दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया। टीम ने आग में फंसे पूरे परिवार को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला।

वहीं आग की चपेट में आने से मकान मालिक राजू अग्रवाल (50 वर्ष) झुलस गए। उन्हें धनबाद के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। घर के अंदर फंसे लगभग आधा दर्जन मवेशियों को भी काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग इतनी तेजी से फैली कि नीचे तल्ले में बने सोफा गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया था। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई।आसपास के लोगों ने सिलेंडर में विस्फोट से आग लगने का कारण बताया। घर से एक-एक कर कई सिलेंडर बाहर निकाले गए। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर गैस की एजेंसी कार्यालय और उसका गोदाम भी मौजूद है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 12: बजे महेश अग्रवाल परिसर से जोरदार आवाज के साथ तेज धुआं व आग की लपटें निकलने लगीं। परिसर के अंदर व बाहरी भवन में कई किराएदार भी रहते हैं। किसी तरह सभी लोग जान बचाकर बाहर निकला। जिसमें कई दुकान एवं शोरूम भी हैं। जगदंबा फर्नीचर, गुप्ता टेंट हाउस, मसाला एवं मिक्सर की दुकान व गोदाम संचालित हैं। कई बड़े प्लाई व सनमाइका के गोदाम हैं। गनीमत रही कि आग को पूरे परिसर में फैलने से पहले काबू कर लिया गया। घटनास्थल पर झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने धनबाद-झरिया मुख्य मार्ग को बंद कर आम वाहन चालक एवं राहगीर को उक्त स्थल से दूर रखा।ज्वलनशील पदार्थ से भरा था घरआसपास के कई लोगों ने जान जोखिम डालकर घर के सदस्य एवं मवेशियो को निकाला। घटना की सूचना मिलते ही मेयर प्रत्याशी व जगदंबा फर्नीचर के मालिक अमित अग्रवाल भी अपने प्रतिष्ठान को देखने के लिए पहुंचे। महेश अग्रवाल एवं राजू अग्रवाल अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ भवन के अलग-अलग हिस्से में रहते हैं।

# पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने नगर परिषद् के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का किया अभिनंदन

संवाददाता

**दुमका :** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा, संताल परगना की ओर से रविवार को परिसदन भवन, दुमका में नगर परिषद् के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष असीम कुमार मंडल ने की। इस अवसर पर मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने अभिषेक चौरसिया को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में दुमका नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सार्थक पहल होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे असीम कुमार मंडल ने कहा कि नगर परिषद् अध्यक्ष के रूप में अभिषेक चौरसिया से दुमका के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि मोर्चा सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करता रहा है और जनहित के मुद्दों पर आगे भी सक्रिय रहेगा।

मोर्चा के केंद्रीय प्रधान महासचिव डॉ. अमरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि नगर परिषद् के नए नेतृत्व से शहर के विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नगर के बुनियादी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।



मोर्चा के संरक्षक दिवाकर महतो ने कहा कि दुमका के विकास के लिए सभी सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास और जनहित के कार्यों में समाज का सहयोग आवश्यक है।कार्यक्रम के अंत में अभिषेक चौरसिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और दुमका नगर के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

समारोह में मोर्चा के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शिवनारायण दर्बे, महासचिव दयामय माजी, जिलाध्यक्ष जयकांत जायसवाल, बिहारी यादव, काशीनाथ महतो, रमेश प्रसाद साह, मदन कुमार मंडल, केएस सौरभ, जियाधर मंडल, जगबंधु मंडल, बसंत कुमार वेद, नारायण चंद्र वेद, अशोक कुमार मंडल, राजू महतो, रिंकू कुमार, अमूल्य चंद्र मल्लिक, पंकज यादव, बैकुंठ प्रसाद शर्मा सहित कई पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डीडीसी व सीओ ने जल महोत्सव पखवाड़ा का किया शुभारंभ



संवाददाता

**देवघर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जल महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा और अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जल जीवन मिशन के तहत विभिन्न कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली जलसहिया, स्वयं सहायता समूह और महिला कर्मियों को नीर नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने सभी विभागों को मिलकर जल महोत्सव पखवाड़ा को सफल बनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव में निर्मित सभी नल जल योजनाओं को चालू रखने की जिम्मेवारी जलसहिया और ग्रामीणों की है। इस पखवाडा में जो भी उत्कृष्ट कार्य करेंगे उन्हें विश्व जल दिवस के अवसर पर आयोजित समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने जल संकट पर चिंता जाहिर करते हुए सभी से जल संरक्षण पर ध्यान देंने की अपील की। कार्यपालक अभियंता संजय प्रसाद और राहुल प्रियदर्शी ने जल जीवन मिशन के तहत चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मंच संचालन कर रहे जिला समन्वयक पंकज भूषण पाठक ने जल महोत्सव पखवाड़ा को लेकर विस्तृत जानकारी दी। जल महोत्सव पखवाड़ा अंतर्गत जिला, प्रखण्ड, पंचायत और ग्राम स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, जिसमें महिला दिवस, 11 मार्च को प्लम्बर दिवस और 22 मार्च को विश्व जल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस बीच हर घर जल सत्यापन, सुजल गांव, जलापूर्ति योजनाओं के रखरखाव, हेतु विशेष ग्राम सभा, स्कीम हैंडओवर, जल स्त्रोतों की साफ सफाई इत्यादि होना है। इसके अलावा कार्यक्रम के पश्चात उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसके माध्यम से सशक्त नारी, सशक्त समाजः बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक अभियंता अशोक दास, नीलम कुमार, सुमित कुमार, जिला समन्वयक रीना टोप्पो, गोपाल दास, इंदुशेखर झा, प्रमोद कापड़ी के अलावे कनीय अभियंता, जलसहिया, आंगनवाड़ी सेविका, महिला पर्यवेक्षिका, जेएसएलपीएस के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## रातू थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में आदिकांत महतो ने प्रभार ग्रहण किया

बिनय मिश्रा



रांची जिला के रातू थाना में 14 वे थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक के रूप में आदिकांत महतो ने अपना पदभार ग्रहण किया गौरतलब होकि श्री महतो को रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने रातू थाना के थाना प्रभारी बनाने का आदेश जारी किया था जिसके फल स्वरुप श्री महतो आज रातू थाना के 14 वे थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक के रूप में योगदान दिया योगदान देने के पश्चात उन्होंने बीएम न्यूज को बताया कि रातू थाना क्षेत्र में बेहतर विधि व्यवस्था आम लोगों की समस्याओं का निष्पादन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत आम लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे तथा पुलिस बेहतर कार्य और व्यवहार के साथ पुरे थाना क्षेत्र के लोगों के साथ मधुर संबंध बनाने का भी हर संभव प्रयास करेगी मैं थाना प्रभारी ने कहा कि अपराध और अपराधी से संबंधित कोई सूचना हो तो वह उनके मोबाइल नंबर पर दे सकते हैं यह सूचना अति गोपनीय रखी जाएगी गौर तलब हो श्री महतो इससे पूर्व लालपुर थाना तथा कोतवाली थाना के थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रह चुके हैं तथा उनके बेहतर कार्य के फल स्वरुप इस थाना में आज भी वे लोकप्रिय थाना प्रभारी के रूप में पहचाने जाते हैं।

# महिलाओं के लिए प्रेरणा है वार्ड पार्षद एस पुष्प लता

बिनय मिश्रा



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिला दिवस महिलाओं के लिए समर्पित दिवस इन सभी बातों का मूल सारांश यही है कि महिला आज अपने दमखम योग्यता और लक्ष्य हासिल कर लोगों के लिए सदैव प्रेरणा बनी रहती है महिला जिनके जिम्मेदारी में जवाब देही का भंडार हुआ करता है मां के रूप में पत्नी के रूप में बहन या फिर अभिभावक के रूप में कुशल गृहिणी बेहतर मार्गदर्शन उनकी विशेषता में यह सारी मूल सारांश शामिल है चक्रधरपुर वार्ड संख्या 11 से नवनिर्वाचित एसस पुष्प लता अपने बेहतर कार्यों और जवाब देही तथा आम जनों के समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर सदैव प्रयत्नशील रहती हैं और इसी का यह सार्थक परिणाम है कि उन्हें इस वार्ड के लोग सम्मान अपनापन और स्नेह के साथ उनका भरपूर आदर करते हैं इससे पूर्व भी वे वार्ड पार्षद रह चुकी हैं और अपने बेहतर तथा उत्कृष्ट कार्यो से वार्ड को बेहतर बनाया और इसी का यह परिणाम है कि इस बार नगर निकाय चुनाव में वार्ड के मतदाताओं ने उन्हें पुण वार्ड पार्षद बनाकर महत्वपूर्ण जवाब देही सौंपी है एस पुष्प लता महिलाओं के लिए प्रेरणा है जिन्होंने अपने सारे जवाबदेही का निर्वहन कर आम लोगों की समस्याओं का निराकरण और उनके साथ हमेशा खड़ी दिखाई पड़ती हैं उनका स्पष्ट मानना है कि लोग जिस विश्वास से उन्हे यह महत्वपूर्ण जवाब देही दी है उस पर पूर्ण रूप से हमेशा खरा उतरना उनका लक्ष्य और दायित्वहैं ऐसे वार्ड पार्षद निश्चित तौर पर समाज को एक बेहतर दिशा देने का कार्य भी करते हैं और हमें ऐसे वार्ड पार्षद पर निश्चित तौर पर गर्व है एस पुष्प लता के संदर्भ में यही कहा जा सकता है हमने तो लोगों के साथ मिलकर यही किया है काम लोग प्रसिद्धि दिलाते गए और लोगों के लिए सदैव बना हुआ है मान और सम्मन।

## उपाध्यक्ष पद के लिए पूजा गिरी भी है रेस में

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** वार्ड संख्या 10 से धमाकेदार जीत हासिल कर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने वाली पूजा गिरी भी 14 मार्च को होने वाले उपाध्यक्ष पद के लिए अपना अभियान जारी रखा है। इस क्रम में वे नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों से निरंतर जनसंपर्क अभियान भी चला रहीं हैं और उन्होंने अपने पक्ष में सहयोग भी मांगा है।इस प्रकार से उपाध्यक्ष पद के लिए महिला प्रत्याशी के रूप में पूजा गिरी के मैदान में आने से उपाध्यक्ष पद का चुनाव काफी रोमांचक और दिलचस्प होगा ऐसा राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है।



विदित होकि इस बार के नगर निकाय चुनाव में गिरिराज सेवा की महत्वपूर्ण उपलब्धि और कामयाबी भी दिखाई पड़ी है जिसमें मुख्य रूप से पूजा गिरी के जीत के साथ-साथ अन्य वार्ड पार्षद भी गिरिराज सेवा के संपर्क में होने की बात कहीं जा रही है

## स्टेशन के वेटिंग हॉल में वृद्ध यात्री की मौत

संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटानगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक स्थित जनरल वेटिंग हॉल में बीते रात 60 वर्षीय वृद्धि यात्री की मौत हो गई। रेल कर्मचारियों की सूचना पर जीआरपी ने वेटिंग हॉल से शव को उठा लिया। लेकिन सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम कॉलेज भेजा गया है। वहीं, रेल थाना में यूडी के तहत केस दर्ज कर पुलिस मृतक के पहचान में जुटी है। बताया जाता है कि शव के कपड़े से कोई कागज या टिकट नहीं मिलने से रेल पुलिस को पहचान में दिक्कत हो रही है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, डीसी व पदाधिकारी हुए शामिल

मेट्रो रेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण कार्यालय की ओर से आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त समीरा एस. उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त समीरा एस. ने जिले की सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए महिला सशक्तिकरण तथा उनके सर्वांगीण उत्थान पर विशेष बल दिया। उन्होंने डायन कुप्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों से आगे आने का आह्वान किया।



उपायुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महिलाएं महिला हेल्पलाइन के माध्यम से अथवा सीधे जिला प्रशासन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी या अनुमंडल पदाधिकारी से संपर्क कर सकती हैं। प्रशासनिक टीम उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। साथ ही उन्होंने जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया। उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है तथा महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित जागरूकता स्टॉल लगाए गए। इसमें मुख्य रूप से पोषण से संबंधित पौष्टिक आहार एवं व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दो वर्ष तक के प्रथम 1000 दिनों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों ने स्टॉल का निरीक्षण कर संबंधित प्रदर्शनी की जानकारी ली। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही।